Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 18 | शनिवार, 18 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पहाड़ों पर बारिश की संभावना

# दिल्ली-यूपी में घने कोहरे ने थामी रफ्तार, दर्जनों ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।**



ठंड के साथ घने कोहरे के असर ने दिल्ली- एनसीआर ही नहीं बल्कि उत्तर भारत के कई राज्यों में जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के साथ ही उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी घने कोहरे का प्रकोप दिखा। इस कारण से ट्रेनों की रफ्तार तो थमी ही, बल्कि कम दृश्यता के कारण उड़ानों पर भी असर पड़ा। इस कारण यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

वहीं घने कोहरे से अभी जल्द राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि शनिवार की सुबह भी ज्यादातर जगह स्माग एवं घना कोहरा छाया रहेगा। दिन में आसमान साफ रहेगा। कोहरे का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। वहीं 22 और 23 जनवरी को हल्की वर्षा होने और ठिठुरन भरी ठंड बढ़ने का पूवार्नुमान है। राजधानी का न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आलम यह रहा कि आइजीआइ एयरपोर्ट पर सुबह तीन से साढ़े सात बजे तक दृश्यता शून्य रही। दिल्ली से चलने वाली 27 ट्रेनें कोहरे के कारण लेट रहीं। साथ ही इधर आने वाली कई ट्रेनें भी घंटों की देरी से पहुंची। पंजाब में अधिकतर जिलों में शुक्रवार सुबह कोहरे का प्रकोप दिखा। कम दृश्यता के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी खिली, जिससे लोगों को ठिठुरन से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी पंजाब के कई जिलों में सुबह और शाम घनी धुंध पड़ने की संभावना है। शुक्रवार को पठानकोट का न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हरियाणा के नारनौल में छह डिग्री सेल्सियस, चंडीगढ़ में 6.5 डिग्री सेल्यिसस और राजस्थान के माउंट आबू में 0.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राज्य में जयपुर, बीकानेर, कोटा, भरतपुर समेत कई शहरों में घने कोहरे का भी सुबह के वक्त असर रहा। मौसम विभाग के अनुसार 20 से 23 जनवरी तक हिमपात व वर्षा हो सकती है। उत्तराखंड में वर्षा-बर्फबारी का क्रम थमने और पहाड़ से लेकर मैदान तक धूप खिलने से शुक्रवार को लोगों को राहत मिली। बर्फबारी से उत्तरकाशी में अवरुद्ध हुए गंगोत्री, चमोली में चोपता और पिथौरागढ़ में तवाघाट-लिपुलेख मार्ग खोल दिए गए हैं।

### पहाड़ों पर हिमपात थमा, धूप खिली

कश्मीर घाटी में बर्फबारी और वर्षा थमने के बाद भी ठंड से राहत नहीं है। तापमान लगातार जमाव च्बदु शून्य से नीचे बना हुआ है। पहलगाम में तो न्यूनतम तापमान माइनस 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हिमपात के कारण अनंतनाग–किश्तवाड़ रोड, कुपवाड़ा–करनाह तथा बांडीपुर गुरेज, मुगल रोड दूसरे दिन भी बंद रहा।

## 'केवल भावनाओं को शांत करने के लिए दर्ज न करें केस'

**नई दिल्ली।**



देश के सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस आत्महत्या से जुड़े एक मामले पर सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। अक्सर देखा जाता है कि आत्महत्या के मामले में पुलिस की ओर से धारा 306 लगा दी जाती है। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये धारा केवल पीड़ित परिवार की भावनाओं को शांत करने के लिए इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला मशीनी अंदाज में सिर्फ इसलिए नहीं बनाना चाहिए क्योंकि मृतक के परिवार के सदस्यों की भावनाओं को उससे राहत मिलती है। ऐसे मामलों में जांच एजेंसियों को संवेदनशील बनाने की जरूरत है ताकि किसी व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया के तहत अपुष्ट अभियोजन के आधार पर निशाना नहीं बनाया जाए। जस्टिस अभय एस ओका और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस के लिए आईपीसी की धारा 306 का सहारा लेना बहुत ही सरल लगता है और उन्हें इस संबंध में संवेदनशीलता से काम लेने की जरूरत है। इस कानूनी प्रविधान को किसी व्यक्ति के खिलाफ सिर्फ इसलिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए कि इससे मारे गए व्यक्ति के परिवार की भावनाओं को फौरी राहत मिलेगी।

जबकि असली मामलों में जहां जांच में हालात वैसे ही नजर आ रहे हैं, वहां आरोपित व्यक्ति को कतई बख्शा नहीं जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में मारे गए व्यक्ति और प्रस्तावित आरोपित के आपसी बर्ताव पर नजर रखनी चाहिए। दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु से पहले उनके बीच की बातचीत और व्यवहार पर व्यवहारिक नजरिया अपनाना चाहिए। ऐसे मामलों में रोजमर्रा की जिंदगी की वास्तविकता से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। इसलिए सुनवाई अदालतों को ऐसे मामलों में 'लकीर के फकीर' बनने की आदत से बचना चाहिए। यंत्रवत आरोप तय करने की परंपरा बदलनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के एक फैसले को चुनौती देने वाली महेंद्र अवैस की अपील पर यह टिप्पणी करते हुए कहा। हाई कोर्ट ने उसके खिलाफ लगाए गए आईपीसी की धारा 306 के प्रविधानों को हटाने की अर्जी को खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि मृतक ने अपने सुसाइड नोट में अवैस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। जबकि गवाहों का कहना था कि कर्ज की रकम वापस मांगे जाने से अवैस परेशान था। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि अपीलकर्ता के खिलाफ धारा 306 लगाने का कोई आधार नहीं है।

## 'मैं सैफ अली खान हूं', जब ऑटो ड्राइवर से बोले घायल अभिनेता, बताया पूरा घटनाक्रम

**मुंबई।**



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर गुरुवार की रात 2 बजे संदिग्ध आरोपी ने उनके घर में घुसकर हमला किया और वो गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन उनकी जान बचाने में ऑटो ड्राइवर का बड़ा हाथ रहा तो सही समय पर उनको अस्पताल ले गया। ऑटो चालक भजन सिंह राणा ने उस रात की पूरी कहानी बताई। उसने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि एक महिला ₹रोको, रोको, रोको₹ चिल्लाते हुए दौड़ती हुई आई। ऑटो में तीन लोग थे - सैफ अली खान, एक बच्चा और एक आदमी था, शायद वो इब्राहिम की बात कर रहा था। उनसे बताया कि सैफ अली खान बोलने में सक्षम थे।

## रूसी सेना में लड़ रहे 12 भारतीयों की गई जान, 16 लापता


**नई दिल्ली।**



रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध कई भारतीयों के लिए काल बन गया है। दरअसल, रूसी सेना में शामिल होकर यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रहे 12 भारतीयों की जान चली गई है। इसके अलावा 16 लोग लापता हैं। इस बात की जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को दी गई।

दरअसल, भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि रूस ने भारत को सूचित किया है कि रूसी सेना में सेवारत 16 भारतीय लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना में काम करने वाले 12 भारतीयों की अब तक मौत हो चुकी है। इस मामले पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ₹रूसी सेना में सेवारत भारतीय नागरिकों के 126 मामले सामने आए हैं। इन 126 मामलों में से 96 लोग भारत लौट आए हैं और उन्हें रूसी सशस्त्र बलों से छुट्टी दे दी गई है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि रूसी सेना में अठारह भारतीय नागरिक बचे हैं और उनमें से 16 व्यक्तियों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि रूसी पक्ष ने उन्हें लापता के रूप में वर्गीकृत किया है, हम उन लोगों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी की मांग कर रहे हैं जो बचे हुए हैं। बता दें कि हाल के दिनों में रूसी सेना में शामिल एक केरल के व्यक्ति की मौत हो गई थी। 32 वर्षीय बिनिल बाबू की मौत को विदेश मंत्रालाय ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

## जो बाइडन ने ड्रग आरोपों के 2500 दोषियों को दिया क्षमादान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह गैर-हिंसक मादक पदार्थों के अपराधों के दोषी लगभग 2,500 लोगों की सजा को माफ कर रहे हैं। जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में क्षमादान को लेकर बड़ी कार्यवाही की है। व्हाइट हाउस ने अमेरिकी इतिहास में यह सबसे बड़ा क्षमादान कहा। जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि जिन लोगों की सजा कम की गई, वे आज मिलने वाली सजा की तुलना में असाधारण रूप से लंबी सजा काट रहे थे।

उन्होंने इस कदम को ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने, सजा की असमानताओं को ठीक करने और योग्य व्यक्तियों को अपने परिवारों में लौटने का अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता सौंपने से पहले और अधिक क्षमादान या क्षमादान जारी कर सकते हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति ने कहा कि क्षमादान प्राप्त करने वालों को क्रैक और पाउडर कोकीन के बीच अब बदनाम भेद के आधार पर लंबी सजा मिली है, जिसने अश्वेत समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। ऐतिहासिक रूप से, गोरों की तुलना में काले अपराधियों को शामिल करने वाले क्रैक कोकीन के मामले काफी अधिक हैं और असमान सजा नीति की नस्लवादी के रूप में निंदा की गई है। बाइडन ने पिछले महीने लगभग 1,500 लोगों की सजा कम की और 39 अन्य को माफ कर दिया था।

### केंद्र पर केजरीवाल ने साधा निशाना

## 'आयुष्मान भारत योजना देश का सबसे बड़ा घोटाला, सुप्रीम कोर्ट ने भी की पुष्टि'

**नई दिल्ली।**



आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को देश का सबसे बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को राजधानी में इसे लागू करने के लिए केंद्र के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कहने वाले उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी।

पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान केजरीवाल ने इस योजना को लेकर केंद्र पर तीखा हमला किया। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने पुष्टि की है कि यह एक फर्जी योजना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत देश का सबसे बड़ा घोटाला है। जब केंद्र सरकार बदलेगी और इन घोटालों की जांच होगी, तब लोगों को पता चलेगा कि आयुष्मान भारत वास्तव में कितना बड़ा घोटाला था। केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच टकराव इससे पहले दिन में शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें आप सरकार को पीएम-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) को लागू करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को कहा गया था। बता दें कि दिल्ली सरकार राजधानी में आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन को लेकर केंद्र के साथ टकराव में रही है, जिसे 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया गया है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने सभी मुद्दों पर झूठ बोला है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह भाजपा का संकल्प पत्र नहीं है, बल्कि केजरीवाल पत्र है।

## हवाई सफर पर घने कोहरे का असर 100 से अधिक फ्लाइट देरी से उड़ीं

**मुंबई।**



उत्तर भारत में खराब मौसम का असर अब हवाई सफर पर पड़ने लगा है। शुक्रवार को दिल्ली में कम विजिबिलिटी की वजह से 100 से अधिक फ्लाइट देरी से उड़ीं और 7 को रद करना पड़ा। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के हवाई अड्डों पर भी ऐसा ही हाल देखने को मिला। दिल्ली के पालम एयरपोर्ट, पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश के वाराणसी, आगरा और लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह 5:30 बजे तक शून्य विजिबिलिटी दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (कटऊ) ने नई दिल्ली में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली एटीसी सूत्रों के मुताबिक सुबह दिल्ली में प्रति उड़ान 20 मिनट तक की देरी हुई है।

## जल्लीकट्टू, मंजूविरट्टू की घटनाओं में सात लोगों की मौत

**चेन्नई।**

तमिलनाडु में काणुम पोंगल के दिन आयोजित जल्लीकट्टू और मंजूविरट्टू कार्यक्रमों में सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर दर्शक और एक बैल मालिक थे। इसकी जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। अलग-अलग घटनाओं में दो बैलों की भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पुदुक्कोट्टई में कार्यक्रम के दौरान एक बैल की मौत हो गई, जबकि शिवगंगा के सिरावयाल मंजूविरट्टू में एक बैल मालिक और उसके बैल की मौत हो गई। शिवगंगा जिले के सिरवायल में मंजूविरट्टू में, नादुविकोट्टई कीला आवंधीपट्टी गांव के थनेश राजा, जो इस आयोजन में भाग लेने के लिए अपने बैल को लेकर आए थे, की उस समय मृत्यु हो गई जब उनका बैल अखाड़े से भागते समय कंबनूर में एक खेत के कुएं में गिर गया। राजा और उसका बैल दोनों ही उस समय डूब गए जब वह जानवर को पकड़ने के लिए कुएं में कूदा। मंजूविरट्टू में लगभग 130 लोग घायल हो गए, जिसमें 150 चारा डालने वाले और 250 बैल शामिल थे। देवकोट्टई के एक दर्शक सुब्बैया को एक बैल ने सींग मार दिया और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।



## संपादक की कलम से

### गगनभेदी कामयाबी

नये साल की शुरूआत के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक कामयाबी हासिल कर ली। इसरो ने ह्यस्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंटह्ण यानी स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की अंतरिक्ष में डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली। इस सफलता के बाद अब भारत अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। इस ऐतिहासिक कामयाबी से भारत अमेरिका,रूस व चीन के बाद यह लक्ष्य हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इस मिशन की कामयाबी से भारत के चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे मिशनों का भविष्य तय हुआ है। जहां चंद्रयान-4 मिशन से चंद्रमा की मिट्टी के नमूने भारत लाए जाएंगे, वहीं गगनयान मिशन के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जा सकेगा। दरअसल, स्पेडेक्स दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के लिये एक किफायती प्रौद्योगिक मिशन है। गत तीस दिसंबर को इसरो ने इस प्रयोग को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इसके अंतर्गत दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी सी-60 के जरिये श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था। प्रक्षेपण के 15 मिनट बाद 220 किलो वजनी दो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। बीते कल डॉकिंग के बाद एक सिंगल ऑब्जेक्ट के रूप में स्पेसक्राफ्ट का नियंत्रण सफलता पूर्वक किया गया। आने वाले दिनों में अनडॉकिंग और पॉवर स्थानांतरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दरअसल, अंतरिक्ष में डॉकिंग का मतलब है दो अंतरिक्ष यानों को आपस में जोड़ना। इस डॉकिंग प्रक्रिया को धरती से संचालित किया गया था। कालांतर ये दोनों उपग्रह अपने पेलोड के ऑपरेशन शुरू करेंगे। ये दो साल तक मूल्यवान डेटा इसरो को भेजते रहेंगे। निश्चित रूप से यह प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, बिना गुरुत्वाकर्षण के बीच तेज गति से घूम रहे उपग्रहों को आपस में जोड़ना बेहद कठिन कार्य होता है। लेकिन भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की मेधा से यह संभव हुआ है। बहरहाल, इस मिशन की सफलता ने आने वाले समय में गगनयान मिशन, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने व भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष यात्री भेजने के अभियान की सफलता की राह सुगम कर दी है। इतना ही नहीं, अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के बाद वहां आने-जाने के लिये भी डॉकिंग तकनीक उपयोगी साबित होगी। वहीं दूसरी ओर सैटेलाइट सर्विसिंग, इंटरप्लेनेटरी मिशन और इंसान को चंद्रमा पर भेजने के लिये भी यह तकनीक जरूरी थी। निस्संदेह, यह अभियान खासा चुनौतीपूर्ण था।


ललित शर्मा
संपादक

# सत्ता की बैसाखी पर टिके होने से बदल जाते हैं नेताओं के सुर



बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलित प्रदेश के युवाओं की मांग पर भारतीय जनता पार्टी की चुप्पी आश्चर्यजनक नहीं है। दरअसल भाजपा न सिर्फ बिहार नीतिश सरकार में शामिल है, बल्कि केंद्र में भी उसी की बैसाखियों पर टिकी है। ऐसे में मुद्दा जनहित का हो या न हो, इससे भाजपा को फर्क नहीं पड़ता। इससे पार्टी के उसूलों पर भी आंच नहीं आती। इसी भाजपा ने राजस्थान में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ पेपर लीक प्रकरणों में विरोध प्रदर्शनों में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। यह दोहरा चरित्र अकेले भाजपा का हो ऐसा नहीं है। जिस प्रदेश या केंद्र में जिस भी दल की सरकार होती है, वहां की सत्तारुढ़ पार्टी का रवैया ऐसा ही होता है। केंद्र में कांग्रेस शासन के दौरान सहयोगी दलों के घपले-घोटाले इसका प्रमाण रहे हैं। सत्ता के लिए गठबंधन की मजबूरी से ऐसा करना देश की राजनीति का चरित्र बन गया है। सत्ता में होने पर पार्टी को कुछ गलत नजर नहीं आता और विपक्ष में आते ही मुद्दे और तरीके बदल जाते हैं।

बिहार में 13 दिसंबर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी की 70वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग की। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी। छात्र प्रदर्शनकारियों के पटना के गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया।

बिहार की तरह राजस्थान भी कांग्रेस शासन के दौरान पेपर लीक प्रकरणों के कारण सुर्खियों में रहा है। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई प्रतियोगिता परीक्षाओं में एक के बाद एक पेपर लीक के मामले सामने आए। सब इंस्पेक्टर भर्ती, सीएचओ भर्ती, लाइब्रेरियन भर्ती और वरिष्ठ अध्यापक भर्ती सहित कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने के खुलासे हुए। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से व्याख्याता भर्ती 2022 की परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया। पेपर लीक मामले में उलझी सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर प्रदेश के लाखों युवाओं में हर ताजा अपडेट का इंतजार है। पेपर लीक और डमी अभ्यर्थियों के जरिए सैंकड़ों युवाओं ने नौकरी हासिल कर ली थी। इस मामले की जांच करने वाली एसओजी ने भी व्यापक स्तर पर पेपर लीक होना माना और इस परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश पुलिस मुख्यालय को भेजी थी। पुलिस मुख्यालय और मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने भी परीक्षा को रद्द करने की सिफारिश की, लेकिन सरकार ने इस भर्ती परीक्षा को अभी तक रद्द नहीं किया।

राज्य सरकार ने एसआई भर्ती 2021 में चयनित सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों के आगामी प्रशिक्षण पर रोक लगा दी। सरकार ने यह निर्णय राजस्थान हाई कोर्ट के निर्देश के बाद लिया। एक साल की लंबी एक्सरसाइज में अभी तक 50 सब इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। आरपीएससी के सदस्य पकड़े गए। आश्चर्य की बात यह है कि राजस्थान में भाजपा सरकार केही एक केबीनेट मंत्री अपनी ही सरकार के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा रहे हैं। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, जबकि सत्तारुढ़ भाजपा अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं कर सकी। अनुशासित माने जानी वाली भाजपा की मजबूरी है कि मीणा के खिलाफ पार्टी और सरकार की लाइन से अलग हट कर चलने को लेकर कार्रवाई नहीं कर सकी। इसमें भाजपा को मीणा के साथ जुड़े मीणा वोट बैंक के खिसकने का डर है। सत्ता के लिए राजनीतिक दल किस हद तक उसूलों को ताक पर रख देते हैं, मीणा के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना इसका उदाहरण है। मीणा मंत्री पद से इस्तीफा तक दे चुकें हैं, हालांकि उन्होंने इस्तीफा लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन पर अपनी जिम्मेदारी मानते हुए दिया था। पार्टी ने अनुसूचित जाति में कोई गलत संदेश नहीं जाए, इसलिए मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। वोट बैंक के लिए समझौते की ऐसी अनोखी मिसाल देश में शायद ही कहीं देखने को मिले, जहां एक नेता के मंत्रीपद से इस्तीफे को स्वीकार नहीं किया गया, बल्कि उसकी पार्टी विरोधी कार्रवाई झेलने को भी पार्टी मजबूर है। दरअसल ऐसे सार्वजनिक विवादित मुद्दों पर किसी भी सरकार के लिए फैसला लेना आसान नहीं होता। सरकारें एक तरफ जहां रोजगार देने के लिए अपनी छवि सुधारने में लगी होती हैं, वहीं दूसरी तरफ फिर से परीक्षा करवाने की कवायद खचीर्ली और देरी करने वाली होती है। राज्यों में सत्तारुढ़ पार्टी के सामने समस्या यह भी होती है कि पेपर लीक होने से चुनिंदा लोगों को हुए फायदे के कारण परीक्षा रद्द करवाने से हजारों-लाखों अभ्यर्थियों के हितों का नुकसान नहीं किया जा सकता। ऐसे में सत्तारुढ़ दलों को दोनों तरफ से युवाओं की नाराजगी का खतरा होता है। यदि पेपर निरस्त करा दिया तो योग्यता सूची में आए अभ्यर्थियों की नाराजगी और नहीं कराया तो प्रदर्शनाकारियों की।

ऐसे हालात का विपक्षी दल फायदा उठाने से नहीं चूकते, जैसा कि बिहार के मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने किया। सांसद यादव को बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग से नाराज प्रदर्शनकारी युवाओं की सहानुभूति का फायदा मिल गया। ठीक यही स्थिति राजस्थान में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ है। यहां सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और काबीना मंत्री मीणा अपनी ही सरकार और पार्टी को आईना दिखाने में लगे हुए हैं। इसके पीछे भी वोट बैंक की राजनीति है। मीणा ने पेपर लीक मामलों में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की नाक में दम कर दिया था। कांग्रेस के राजस्थान से सत्ता गंवाने का एक बड़ा कारण पेपर लीक मामले भी रहे हैं।

यह निश्चित है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के राज्यों में होने वाले संचालन को सौ प्रतिशत चाक-चौबंद करना आसान नहीं है। कोई भी चूक और मिलीभगत पेपर लीक करवा सकती है। राजनीतिक दलों को रोटी सेकने के लिए ऐसे ही मौकों का इंतजार रहता है। यह सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक राजनीतिक दल मिल बैठकर किसी नीति पर कायम नहीं होते। तब तक न सिर्फ युवाओं के हितों पर कुठाराघात होता रहेगा, बल्कि सरकारी संसाधन और धन का भी नुकसान होता रहेगा। - **योगेन्द्र योगी**



## लक्ष्मीनारायण सेन
## स्वारथ
### कविता

तोर मोर करत करत चलत ये संसार।
तेकर सेति नफरत के चलते हे बजार।।

तोर मोर करत करत बटावत हे परिवार।
स्वार्थ मा भाई भाई जान लेबर ? हे तैयार।।

घर के अंगना मा खींचावत हाबे दीवार।
मर्जी ले नइ हो पावै एपार आउ ओपार।।

लालच मे काकर बदल जही व्यवहार।
काकर मुड़ मा हो जाही मौत हा सवार।।

# तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा - आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें


गोंदिया




वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत मान्यताओं कहावतों, पुराणों पंक्तियों, धार्मिक गाथाओं बलि रीति रिवाजों अंकगणित के अंकों सहित अनेक सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आदि अनादि काल से चलता आ रहा है। पौराणिक काल से ही भारत में यह प्रथाएं चलती आ रही है। परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं अनेक कुप्रथाओं और नकारात्मक सोच वाली कुछ गतिविधियों पर शासकीय स्तरपर कानून बनाकर, या कुछ प्रथाओं को सामाजिक व्यक्तिगत या घरेलू स्तर पर बंद करने की कोशिशें की गई है। परंतु अभी भी कुछ कुप्रथाओं या विपरीत नकारात्मक सोच शुरू है जिन्हें शासकीय या सामाजिक स्तरपर बंद नहीं किया जा सकता। केवल जनता जनार्दन ने जन जागरण अभियान चलाकर ही बंद किया जा सकता है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण कहावत 3 और13 के आंकड़े की है, जिसे अशुभ माना जाता है हालांकि इन आंकड़ों के कई सफलताओं की गाथाओं में से सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन में 3 और 13 का महत्व है। उनकी राजनीत सफलताओं में 13मई 1996 को पहली बार पीएम की शपथ लिए, 13 दिन बाद सरकार गिरी, दोबारा 13 महीने बाद पीएम बने, तीसरी बार पीएम बने तो 13 दिनों की साझा सरकार थी। 13 अप्रैल 1999 को शपथ ली तो पूरे 5 साल चली। 2004 के चुनाव में 13 अप्रैल को ही नामांकन भरा, इस प्रकार 13 का आंकड़ा उनके जीवन में साए की तरह चलता रहा। इन आंकड़ों के अनेक सफलताओं के भावों को देखा जा सकता है इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ मन को सकारात्मक सोच नहीं ढालें।

साथियों बात अगर हम तीन तिगड़ा काम बिगड़ा वाली कहावत की करें तो, वर्तमान आधुनिक डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। हम 3 या 13 के आंकड़े से डरते हैं या उससे दूर भागने की कोशिश करते हैं, अशुभ मानते हैं परंतु हम अगर तीन के सकारात्मक दृष्टिकोण और अपने मन को सकारात्मक सोच में ढालें तो सफ लता की गाथाएं हमारे जीवन से जुड़ जाएगी।

साथियों बात अगर हम 3 पर सकारात्मक सोच की करें तो,इसके पीछे की सच्चाई यह है कि कुछ लोग हमको अंधविश्वास में विश्वास दिलाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ होता ही नहीं कोई संख्या किसी काम को निर्धारित नहीं करती ना ही उसके भविष्य को, अगर हमको लगता है कि 3 लोग किसी काम को मिलकर कर रहे हैं तो वह काम गड़बड़ हो जाएगा तो यह हमारी गलतफहमी है इसे दूर कर अंधविश्वासों से दूर रहें और सकारात्मक सोच वाले कुछ उदाहरणों को देखें। अखिल सृष्टि के देवता, तीनों देव ब्रह्मा, विष?णु और महेश की संयुक?त मूर्ति अधिकतर तस?वीरों में मिलती है। लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती भी तीन हैं। शंकर जी भोले बाबा का तिलक तीन रेखाओं में और त्रिशूल भी तीन शूलों से बना होता है। जब भी हम मंदिर में जाते हैं, तो तीन परिक्रमा के लिए ही कहा जाता है। पूजा के बाद आरती भी तीन बार लेकर भक?त जन प्रफुल्लित हो जाते हैं।पूजन करते वक?त मुख शुद्धि के लिए तीन बार आचमन किया जाता है और तीन ईष?टदेव, कुलदेव और स?थानदेव का ध?यान किया जाता है। हमारी उंगलियों की तरफ ध?यान से देखें तो प्रत?येक उंगली के पोर में तीन रेखाएं होती हैं। खेल प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को ही घोषित किया जाता है। जल को भी तीन भागों में भी बांटा जाता है ठोस, द्रव और गैस। समय को भी तीन कालों में बांटा गया है वर्तमान काल, भूतकाल और भविष?यकाल।सिगनल भी तीन होते हैं, लाल, पीला और हरा। घड़ी की सुईंया भी तीन होती हैं। हम गौर करें कि हम गाड़ी से सफर कर रहे होते हैं, वहां भी तीन स?लीपर बर्थ होती हैं, लोअर, मिडल और अपर। जब दौड़ शुरू की जाती है तो उसका प्रारंभ भी तीन गिन?ने के बाद शुरू होता है। हमारे देश में या और अन्य देशों में भी सेनाओं को तीन भागों में बांटा गया है जल सेना, थल सेना और वायु सेना। नदियों का संगम भी तीन नदियों से ही होता है। त्रिदेव का स्मरण करके अपने ईष?टदेव की पूजा करते समय तीन अगरबत्ती जलाने को शुभ माना जाता है। मौसम भी तीन होते हैं-सर्दी, गर्मी और बरसात। आज भी हम स्नेह मिलन तीन बार करते हैं। पूरे विश्व में त्रिगुनात्मक शक्ति सर्वोपरी मानी जाती है। मानव जीवन में भी मुख्य तीन अवस्थायें होती हैं बाल्यकाल, यौवन अवस्था और वृद्धावस्था।

साथियों तीन का प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही द?ष्टि से हमारे जीवन पर प्रभाव डालता है। इसलिये हमें कभी भी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिये क्योंकि हम जैसा सोचते हैं हमारे जीवन में वैसा ही होता है। हमारा मन सबसे सशक्त व शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास, आशा व सुंदर विचारों को रखना चाहिये।

साथियों बात अगर हम 3 पर नकारात्मक सोच की करें तो, शंकर भगवान को विनाशकारी कहा जाता है क्योंकि उनके तीन नेत्र हैं।जब किसी व्यक्ति को गलत काम करने पर डांटा जाता है तो उसे थर्ड क्लास कहा जाता है। मुस्लिम धर्म में तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोलने पर तलाक हो जाता है, जिसपर अभी कानून बन गया है।पुलिस थर्ड डिग्री के आधार पर अपराधी से अपराध स्वीकार करवाती है जो अत्याधिक पीड़ादायक है। शरीर में स्वास्थ्य बिगडने की सबसे बड़ी समस्या वात, पित्त और कफ मानी जाती है।किसी भी घर में गणेश जी की तीन मूर्तियां रखना शुभ नहीं माना जाता है।तृतीय श्रेणी की नौकरी को अच्छा नहीं माना जाता है इसे सम्मानित द?ष्टि से नहीं देखा जाता है। यहां लोग तीन तिगड़ा काम बिगाड़ा वाली सोच का संज्ञान लेते हैं जो एक नकारात्मक सोच है इसे बदलकर सकारात्मक सकारात्मक सोच में लाना चाहिए।

साथियों एक से दस तक के अंको में तीन अंक खास है, हमारे जीवन में सम और विषम अंक दोनो ही काफी महत?व रखते हैं, कभी-कभी तीन अंक को लेकर सकारात?मक और नकारात?मक सोच पर अच?छी खासी बहस हो जाती है। जैसे तीन सदस?यों को एक साथ घर से शुभ काम के लिए नहीं निकलना चाहिए। देखा जाए तो तीन अंक को काफी शुभ माना गया है। पूजन के बाद हम आचमन करते हैं, तो प?ंडित तीन बार हमारी अंजली में पवित्र जल प्रदान करते हैं।

विचारों की माला तो
विश्वास के फूलों से बनती है,
यदि इसमें प्रेम रस भरा हो तो
सारे जहां की खुशी मिलती है ।
अगर मन की धड़कती आवाज
सुनने की आदत हो तो
दिल की कही हर बात भली लगती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि तीन तिगड़ा काम बिगड़ा, आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें, वर्तमान आधुनिक डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। जीवन में हम जैसा सोचते हैं वैसा हमारा मन हो जाता है जो सशक्त और शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास आशा और सुंदर विचारों को रखें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बृजवासियों के प्यार को कभी भुला नहीं पाएंगे: एसएसपी

## पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार एकादश के खिलाड़ियों को दिए प्रशस्ति पत्र

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** भगवान की कृपा से मथुरा के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा मंडल आयुक्त (कमिश्नर) के पद पर नियुक्त किया है। शुक्रवार को उन्होंने पूरे जिला मुख्यालय पर हर एक ऑफिस में अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों से उनके चेंबर में जाकर के मुलाकात कर उन सभी का दिल जीत लिया, यही नहीं वह मथुरा जिले के एसएसपी जो डीआईजी पद पर प्रोन्नत हो चुके हैं उनसे उनके कार्यालय में जाकर के गले मिले। पूरे पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से आत्मीयता से मुलाकात की गले लगाया। इस अवसर पर डीआईजी श्री शैलेश कुमार पांडेय ने उनका न केवल स्वागत किया बल्कि उनके कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं जिले के इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों ने भी उनका सुस्वागत किया इस अवसर पर मंडल आयुक्त बने श्री शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा जो गत दिवस पत्रकार और पुलिस प्रशासन एकादश का मैच हुआ था उसके सभी पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार एकादशी के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र भी दिए।

मथुरा जिले में यह एक इतिहास देखने को मिला है कि शैलेंद्र कुमार सिंह पहले मथुरा में सिटी मजिस्ट्रेट पद पर आए थे। उन्होंने अपनी सेवा से बृजवासियों का दिल जीत लिया था। उसके बाद जैसे ही शासन ने मथुरा में उनको जिलाधिकारी पर नियुक्त किया तो बृजवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई क्योंकि वह पहले सिटी मजिस्ट्रेट पद से बृजवासियों की सेवा कर चुके थे जिलाधिकारी पद पर रहते हुए शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा जो कार्य किया गया वह अद्वितीय था। सभी ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की और अब शासन ने उनको मंडल आयुक्त (कमिश्नर) पद पर नियुक्त किया है वह पहले अधिकारी हैं जो मथुरा में सिटी मजिस्ट्रेट के बाद डीएम रहे और अब कमिश्नर पद पर प्रोन्नत होकर तैनात हुए हैं

आज आगरा मंडल के आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने जिले के एसएसपी डीआईजी शैलेश कुमार सिंह को गत दिवस पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार एकादश के बीच हुए मैच के विजेता एवं मैन ऑफ द मैच का प्रमाण पत्र प्रशस्ति पत्र देकर के उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं आयुक्त पद पर प्रोन्नत हुए शैलेंद्र कुमार सिंह और एसएसपी डीआईजी शैलेश कुमार सिंह द्वारा पत्रकार एकादशी के कप्तान ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट को भी प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर आगरा मंडल के आयुक्त बने मथुरा के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं मथुरा के एसएसपी डीआईजी शैलेश कुमार सिंह द्वारा कमांडेंट बृजेश कुमार सिंह, सूचना विभाग के नारायण सिंह एवं एवं वरिष्ठ पत्रकार गोविंद भारद्वाज, मोहन श्याम रावत, राकेश शर्मा, गौरव चौधरी धाराजीत सारस्वत अनिल शर्मा आदि प्रमुख रहे।

## क्षतिग्रस्त गाड़ी से सामान चोरी करने का आरोप

**कांधला।** क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित एक स्कूल के पास हादसे में खड़ी क्षतिग्रस्त पिकअप गाड़ी से बैटरी, टायर एवं समान एक व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पीड़ित गाड़ी मालिक ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सहारनपुर जनपद के गंगोह थाना क्षेत्र के गांव सांगाटेडा निवासी अमजद ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि गत 12 जनवरी को उसका भाई कस्बा बड़ौत से पिकअप गाड़ी लेकर सहारनपुर के लिए जा रहा था जैसी वह क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे किसान ढाबे के निकट पहुंचा तो पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी और गाड़ी डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई थी और उसका भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस की मदद से राहगीरों ने उसके भाई को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने उसके भाई को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पीड़ितों ने अपनी क्षतिग्रस्त पिकअप गाड़ी क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित एक स्कूल के पास अपने रिश्तेदार के यहां पर खड़ी कर दी थी। आरोप है की 15 जनवरी की रात्रि उनकी पिकअप गाड़ी से उनके गांव के ही एक व्यक्ति ने गाड़ी की बैट्री,टायर एवं अन्य सामान चोरी कर लिया।

# बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए यह कॉलेज मील का पत्थर साबित होगा : मौलाना



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को विकास खंड सेमरियावा के मूड़ाडीहाबेग स्थित एआरसी हॉस्पिटल और पैरा मेडिकल कॉलेज का दारुल उलूम इस्लामिया बस्ती के नाजिम मौलाना जहीर अनवार कासमी ने आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि इलाके के लोगों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए यह कॉलेज मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की व्यवस्था के बाद अब मेडिकल कोर्स की व्यवस्था बहुत ही बेहतरीन है।

एआरसी हास्पिटल और पैरा मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर व पूर्व प्रधान शमशेर अहमद ने बताया कि कॉलेज में बीएससी नर्सिंग, जेएनएम के कोर्स चलेंगे। हॉस्पिटल 100 बेड का होगा। अब क्षेत्र के लोगों को इधर-उधर भटकने की जरुरत नहीं है।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद ने कहा कि इस इलाके को इस तरह के कॉलेज की बहुत सख्त जरुरत थी इसके खुल जाने से लोगों को आसानी होगी।

इस अवसर पर मौलाना बशीर अहमद, मौलाना जहीर अनवार, शमशेर अहमद, मौलाना मुशीर अहमद, मुहम्मद अहमद, मुनीरुल हसन चौधरी, मौलाना अतीकुर्रहमान, गौहर अली खान, शोएब नदवी, मुनीर आलम खान, इनामुल्लाह कुरैशी, सय्यद मुहम्मद दानिश, अरशद जलाल, फिरोज अहमद, वसी अहमद खान, मुहम्मद शाहिद, जमाल अहमद, डॉ. मुहम्मद अजमल, फिरोज अहमद, मुहम्मद शाहिद, हाफिज मकसूद अहमद नदवी आदि मौजूद रहे।

# सड़क किनारे पोखरा दे रहा है दुर्घटना को दावत

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ब्लाक सेमरियावां के ग्राम साफियाबाद के पूरब सडक के फुटपाथ से सटे गहरा पोखरा हर पल आने जाने वालो के लिए जान लेवा बना हुआ है। लोगो ने सडक के किनारे रेलिंग लगवाए जाने की मांग प्रशासन से की है।

साफियाबाद से जाने वाली मुख्य संपर्क मार्ग बीएमसीटी मार्ग बाघनगर से नव्वागांव के सेमरियावां टेमा मार्ग को जोडती है। इस मार्ग से हर दिन बडे छोटे वाहनो का आना जाना ब्लाक तथा जिला मुख्यालय पर लोगो का रहता है। जिससे फुटपाथ से सटे गहरा पोखरा हर पल लोगो के जानलेवा बना हुआ है। इसके अलावा इस पोखरे के कुछ दूरी पर प्राथमिक विद्यालय तथा अरबिया मदरसा स्थापित है। जहा छोटे बच्चो को पढने के लिए आना जाना पडता है। ऐसे मे बच्चो के लिए भी खतरा बना हुआ है।

गांव के मुनव्वर हुसैन, उचहराकला के इफ्तेखार अहमद ने कहा कि फुटपाथ के सटे गहरा पोखरा है जिससे हर पल वाहन चालको तथा आने जाने वालो के लिए हर पल खतरा बना हुआ है। यदि समय रहते फुटपाथ के किनारे कोई व्यस्था न किया गया तो कोई बडी घटना घट सकती है। लोगो ने प्रशासन से सडक के पटरी पर पोखरे की तरफ रेलिंग लगवाए जाने की मांग किया है।

इस संबध प्रधान मुशीर अहमद ने कहा कि जब कार्यदायी संस्था सडक निर्माण कर रहा था तभी पोखरे की तरफ रेलिंग लगवाए जाने की बात कहा गया था। किंतु इस समस्या पर विभाग के अधिकारियों ने कोई ध्यान नही दिया। खंड विकास अधिकारी को रेलिंग लगवाए जाने का पत्र दिया जायेगा।

## विधवा महिला ने लगाया नशेड़ी पुत्र पर मारपीट का आरोप

**कांधला।** नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक विधवा महिला ने अपने नशेड़ी पुत्र पर मारपीट करने व घर का सामान बाहर फेंकने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी विधवा महिला लीलावती ने बताया कि उसका एक पुत्र अविवाहित है और नशे का आदी है। आरोपी पुत्र आए दिन नशे का सेवन कर पीड़िता के साथ मारपीट करता है शुक्रवार को आरोपी पुत्र ने नशे का सेवन कर उसके साथ मारपीट की और घर का सामान क्षतिग्रस्त करते हुए घर से बाहर फेंक दिया और जबरदस्ती मकान में हिस्सेदारी मांगने लगा। पीड़ित विधवा महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी पुत्र के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# यातायात प्रभारी द्वारा सड़क सुरक्षा रैली को हरी झण्डी दिखा कर किया गया रवाना

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस व नेहरू युवा विभाग व एहसास डे केयर सेंटर द्वारा संयुक्तरुप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बैंक चौराहे पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं/शिक्षिकाओं के सहयोग से आयोजित यातायात जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।

सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आमजन की सुरक्षा एवं यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने की उद्देश्य से दिनांक 17 जनवरी से लेकर 23 जनवरी तक जनपद के अन्य थानाक्षेत्रों में भी चलाया जाएगा। इसी कड़ी में आज कार्यक्रम में आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिये जागरूकता लाने हेतु जिलें में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया जिससे शहर के सार्वजनिक स्थानों पर यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जन जन में जागरूकता आए आमजन स्वयं की एवं दूसरो की जान की सुरक्षा का ध्यान रखते हुये वाहन चलाए। इसके साथ-साथ विभिन्न स्थानो पर दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने,ट्रिपल सवारी न बिठाने, शराब पीकर वाहन न चलाने,बिना ड्राइविंग लाइसेंस व बिना बीमा वाहन न चलाने एवं 04 पहिया वाहन चालको को तय गति पर वाहन चलाने, सीट वेल्ट लगाकर वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी न चलने तथा कमर्शियल व्हीकल के पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने के लिए भी राजकीय इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा लोगो को जागरूक किया गया। प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि सबसे अधिक युवा ही दुर्घटनाओं के शिकार होते पाए जाते है या फिर बिना हेलमेट के तेज रफ्तार से गाड़ी को चलाते है। इस कार्यक्रम में ऊषा वर्मा , गौरी, काजल, बिनु, अल्फिया नाज, पूर्णिमा,राम नरायण यादव,कन्हैया लाल, प्रशांत शुक्ला, आदर्श ,आशुतोष त्रिपाठी,प्रतिमा दुबे, आदि लोग मौजूद रहे।

## मनबढ़ों के हमले से यूट्यूबर पत्रकार घायल, मामला दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत कबीर निर्वाण स्थली पर चल रहे खिचडी मेले में वृहस्पतिवार की दोपहर यूट्यूब चैनल की कवरेज कर रहे पत्रकार पर मगहर कस्बे के कुछ मनबढ़ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने चार युवकों व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नगर पंचायत मगहर निवासी आफताब अंसारी यूट्यूब चैनल चलाते है। वृहस्पतिवार की दोपहर कबीर स्थली पर लगे खिचडी मेले की कवरेज के दौरान मेले की भीड का फायदा उठाकर कस्बे के ही कुछ मनबढ़ युवकों ने गोल बंद होकर पीछे से हमला कर दिया जिससे उनके सर पर गम्भीर चोट लगी। जिसके बाद हमलावर युवक मौके से फरार हो गये। पीडित यूट्यूबर आफताब अंसारी द्वारा कोतवाली को दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहनलालपुर निवासी सचिन, वीरा निषाद, गोलो, आलोक व अज्ञात के खिलाफ धारा 191,115, 352,351 के तहत मामला दर्ज किया है।

## पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश



**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। उन्होंने परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## मास्टरमाइंड का पिस्टल लाइसेंस होगा निरस्त

**कांधला।** व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड युसूफ पुत्र उमरदीन धोबी के नाम पिस्टल का लाइसेंस है। व्यापारी से रंगदारी मांगने के बाद मास्टर माइंड यूसूफ लगातार व्यापारी के संपर्क में था और कहता था कि मेरे पास पिस्टल है घबराना मत। पुलिस अब रंगदारी मांगने के मास्टर माइंड यूसुफ के पिस्टल के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई कर रही है।

# जर्जर विद्युत पोल बदलवाने के लिए दर्जनों लोगों का प्रदर्शन

वेलकम इंडिया





**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान वार्ड नंबर पांच के सभासद ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर वार्ड में जर्जर हो चुके विद्युत पोलों को बदलवाए जाने की मांग की है। वार्ड के लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोहल्ले में जमकर प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि अगर पोल नहीं बदले गए तो मोहल्ले के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान वार्ड नंबर पांच में आधा दर्जन अधिक विद्युत पोल जर्जर हालत में हो चुके हैं। वार्ड पांच के सभासद यशु सैनी के द्वारा कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर जर्जर हो चुके विद्युत पोलों को बदलवाए जाने की मांग की जा चुकी है। आरोप है कि विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते हादसा होने की आशंका बनी हुई है। शुक्रवार को मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही जर्जर विद्युत पोल नहीं बदले गए तो मोहल्ले के लोग विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं मामले में वार्ड पांच के सभासद यशु सैनी के द्वारा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेज कर जर्जर विद्युत पोलों को बदलवाए जाने की मांग की है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता शैलेश कुमार यादव का कहना है कि शासन को रिपोर्ट भेज रखी है जल्दी जर्जर विद्युत पोल बदलवाए जाएंगे। इस दौरान मिंटू कुमार, सुंदरपाल, संजय कुमार, महिपाल, सचिन, छोटू, सरदार, कल्लू,चरण,रजाराम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## विकास प्राधिकरण ने रुकवाया दुकान का निर्माण नोटिस किया चस्पा

वेलकम इंडिया

**कांधला।** विकास प्राधिकरण से भवन निर्माण के लिए विभाग अनुमति और मानचित्र स्वीकृत न कराने पर अवैध रूप से भवन निर्माण करने पर विकास प्राधिकरण की टीम ने भवन स्वामी के विरुद्ध कार्रवाही शुरू कर दी। टीम ने भवन पर नोटिस चस्पा कर निर्माण कार्य रुकवा कर भवन स्वामी को कागजों के साथ उपस्थित होने की आदेश दिए हैं। नगर के कैराना बाईपास मार्ग कॉलोनी में अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया जा रहा था। जनपद मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने मामले को संज्ञान में लेकर भवन निर्माण करने वाले स्वामी को नोटिस जारी कर तत्काल निर्माण को रोक लगाए जाने के आदेश दिए थे। लेकिन विकास प्राधिकरण की रोक के बावजूद भी भवन का निर्माण किया जा रहा था। विकास प्राधिकरण ने मामले पर संज्ञान लेकर भवन निर्माण पर नोटिस चस्पा कर भवन स्वामी को विभाग से स्वीकृत मानचित्र के साथ कार्यालय में उपस्थित होने की चेतावनी दी। इसके संबंध में विकास प्राधिकरण की टीम ने मौके पर जाकर उपस्थित होने का नोटिस चस्पा भी किया है। साथ ही कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। टीम की कार्रवाई से भवन स्वामी में हड़कम मचा हुआ है। गौरतलब है कि नगर एवं क्षेत्र में अवैध रूप से कालोनिया काटी जा रही है और अवैध भवन वह दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन विकास प्राधिकरण के पास में इन अवैध भवनों एवं कॉलोनियों का कोई लेखा जोखा नहीं है। कांग्रेस नेता जाहिद यामिन ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कराने की मांग की है।

# आठवें वेतन आयोग के गठन पर शिक्षकों कर्मचारियों में खुशी की दौड़

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा का हार्दिक स्वागत किया है।

महासंघ के राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मीडिया प्रमुख/अध्यक्ष गोवर्धन दास गुप्ता ने कहा कि देशभर के विद्यालय और उच्च शिक्षा के शिक्षक कर्मचारी इस महत्वपूर्ण घोषणा का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। महासंघ ने विभिन्न मंचों और सरकार के साथ हुई बैठकों में लगातार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था।

प्रधानमंत्री द्वारा इस दिशा में लिया गया सकारात्मक निर्णय निश्चित रूप से शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महासंघ के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर कमल कौशिक ने इस अवसर पर कहा कि पिछला वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था,। और प्रति दस वर्ष में वेतन आयोग के गठन की परंपरा को जारी रखना केंद्र सरकार का सराहनीय निर्णय है। यह निर्णय सेवानिवृत्त और सेवारत शिक्षकों समेत समस्त कर्मचारी वर्ग के लिए राहत और प्रोत्साहन का कारण बनेगा।

महासंघ केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता है और आशा करता है कि आठवां वेतन आयोग मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों और कर्मचारियों के व्यापक हित में सिफारिशें प्रस्तुत करेगा। वेतन आयोग का गठन होने पर सभी शिक्षकों कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है।

# पवित्रता से लिए गए संकल्प व्यर्थ नहीं जाते : साध्वी रितम्भरा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्रयागराज 23 जनवरी को होने वाली धर्म संसद भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर निर्माण में जन जागरण के तहत अहम भूमिका निभाने के लिए पवित्रता से लिए गए संकल्प कभी व्यर्थ नहीं जाते। यह उद्गार आज साध्वी रितंभरा ने प्रयागराज स्थित अपने पंडाल मैं श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के पक्षकार दिनेश शर्मा फलाहारी , द्वारा 23 जनवरी को होने वाली धर्म संसद का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहे।

दिनेश शर्मा फलाहारी ने कहा कि हम भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई मजबूती से संतो के आशीर्वाद एवं दिशा निदेर्शों पर लड़ रहे हैं। धर्म संसद के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाना एवं जनजागरण के माध्यम से मजबूत करना है।

दिव्य शक्ति अखाड़ा महामंत्री राजेश पाठक, ब्रह्मचारी सोनू शास्त्री,ने कहा इस समय सनातनी सरकार के द्वारा दिव्य कुंभ लगाया जा रहा है, जो सनातन वैभव को विश्व गुरु बनाने मैं सहायक सिद्ध होगा। किन्नर महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी त्रिपाठी ने कहा कि आज तक कोई भी हिंदू धर्मस्थल किसी भी धर्मस्थल को तोड़कर नहीं बनाया गया जबकि इस्लामिक कट्टरपंथियों ने सदैव सनातनी धर्म मंदिर को तोड़कर निर्माण किया।

महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि समय आ गया है जब हम लोकतंत्र के सबसे मजबूत स्तम्भ न्यायालय का इस्तेमाल कर अपने धार्मिक स्थलों को पुनः प्राप्त करें।

इस अवसर पर रसिकानंद महाराज, बहन नारायणी, विनोद बनर्जी, सत्येंद्र साहू, मनजीत गोला, विपिन सिंह सोलंकी, आदि उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत तीन दिवसीय जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आज दिनांक 18 जनवरी 2025 से किया गया यह प्रतियोगिता 19 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा खेल प्रतियोगिता का ध्वज फहराकर, रंगीन गुब्बारों के गुच्छ व शांति प्रतीक सफेद कबूतरों को उड़ाया गया, तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों से सलामी ली गई। इसके उपरांत उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा किया। इस अवसर पर डीएम ने 400 मीटर बालक जूनियर वर्ग दौड़ व 400 मी बालिका जूनियर वर्ग दौड़ अपने सामने कराई तथा कबड्डी प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया।

बताते चलें कि युवा कल्याण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया तत्पश्चात ब्लॉक स्तर पर विजयी खिलाड़ियों का आज जनपद स्तर पर आयोजन कराया जा रहा है। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने बताया कि जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग में पुरुष तथा महिलाओं की कुल आठ खेलों क्रमशः एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगीं, जिसमें आज 17 जनवरी को एथलेटिक्स, वालीबाल एवं कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतियोगिता के तीनों दिन सभी खेल निर्धारित समय से प्रारंभ हो और निर्धारित समय पर समाप्त किए जाएं ठंड के दृष्टिगत खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की समस्या व परेशानी ना हो। इस अवसर पर डीएम ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, सचिव जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अमेठी संदीप कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला बैडमिंटन एसोसिएशन अमेठी महेंद्र तिवारी, सचिव जिला वालीबॉल एसोसिएशन अमेठी मोहम्मद इलियास, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव, रागिनी पांडे सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## आजाद समाज पार्टी से किया नामांकन : चौधरी



**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव, नामांकन के आखिरी दिन सपा के बागी नेता सूरज चौधरी ने आजाद समाज पार्टी से किया एक सेट में नामांकन, नामांकन के बाद बोले सूरज चौधरी, कहा जनता एक बार हमें मौका दे, वे कोई मिल्कीपुर की दबी कुचली जनता की आवाज बनेंगे, उनके हर दुख दर्द में साथ खड़े रहेंगे, सूरज चौधरी ने कहा उन्होंने अवधेश को विधायक बनाया सांसद बनाया और जब टिकट देने की बारी आई तो किनारा कर लिया, सपा का खेल बिगाड़ सकते हैं सूरज चौधरी, अनुसूचित जाति के मतदाताओं में लगा सकते हैं सेंध। और वही बड़े राजनीतकियों का मन तो सूरज चौधरी भाजपा के वोट में भी सेंध लगा सकते हैं सूत्रों के हवाले से खबर यह भी आ रही है कि अगर भाजपा ब्राह्मण के गद्दावर नेता इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू को अगर जनसभा में नहीं बुलाती है तो ब्राह्मण वोटर भी सूरज चौधरी की ओर जा सकते हैं।

# जिलाधिकारी बरेली ने जिला महिला अस्पताल मेंअग्निशमन यंत्र की हकीकत को परखा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** जिलाधिकारी बरेली ने शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, इस औचक निरीक्षण में जिलाधिकारी बरेली रविंद्र कुमार ने जिला महिला अस्पताल में अग्निशमन यंत्र की मौजूदा स्थिति को बारीकी से परखा। आपको बता दे कि अभी कुछ माह पूर्व गोरखपुर के एक मेडिकल कॉलेज में अचानक आग लग जाने के कारण कुछ बच्चों की जान चली गई थी, जिसके बाद बरेली जिला प्रशासन और जिले के फायर विभाग ने तमाम अस्पतालों का निरीक्षण कर मानक के अनुसार अग्निशमन यंत्र एवं व्यवस्थाओं को सक्रिय रूप से बनाए रखने के लिए अस्पताल प्रबंधन को चेतावनी दी थी, जिसके बाद बरेली के तमाम अस्पतालों ने अपने अस्पतालों में अग्निशमन यंत्र को लेकर व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ली थी, जिन अस्पतालों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, उनके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा नोटिस भी जारी किया गया था, जिसके बाद लगभग सभी अस्पतालों ने जिला प्रशासन की सख्ती के चलते अग्नि से जुड़े हुए मानकों को पूरा कर लिया था।

इस बार जिलाधिकारी ने फायर सेफ्टी को लेकर अचानक जिला महिला अस्पताल का ही दौरा कर लिया, और यह जानने का प्रयास किया कि सारी व्यवस्थाएं ठीक हैं या नहीं ! फिलहाल इस मामले पर जिला महिला अस्पताल की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, वहीं जिला प्रशासन ने भी जिला महिला अस्पताल में फायर सेफ्टी की व्यवस्थाओं को लेकर कोई खास प्रतिक्रिया साझा नहीं की है, इससे यह माना जा सकता है कि जिला महिला अस्पताल में शुक्रवार को जिलाधिकारी को सारी व्यवस्थाएं ठीक-ठाक मिली ही होंगी।

# युवती पर जंगली कुत्तों ने किया हमला, युवती अस्पताल में भर्ती

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मणिनाथ गणेश नगर में जंगली कुत्तों के हमले में 18 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना आज सुबह की है, जब डिंपल नाम की युवती अपने घर के बाहर बच्चों के साथ खड़ी थी। अचानक जंगली कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। युवती के पिता मानसिंह के अनुसार, हमले में डिंपल के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद परिवार ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर डिंपल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है, और डॉक्टरों ने उसकी हालत स्थिर बताई है। क्षेत्र में बड़ी कुत्तों की संख्या इस घटना से स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश है। निवासियों का कहना है कि इलाके में जंगली कुत्तों की संख्या बढ़ रही है, जिससे ऐसी घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई करने और इन कुत्तों को पकड़ने की मांग की है ।इससे पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी हैं। नगर निगम ने इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की है ।अभी तक उनके क्षेत्र में एक बार भी कुत्तों को पकड़ने का अभियान नहीं चलाया गया है।

# भाजपा के अमानीगंज मंडल चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**अमानीगंज।** भारतीय जनता पार्टी के अमानीगंज मंडल कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने नारियल फोड़कर किया। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने तक ही सीमित न रहे गांव-गांव घर-घर दस्तक देकर भाजपा के लिए वोट की अपील करें। कार्यकर्ता अपनी पूरी क्षमता से काम करेंगे तो मिल्कीपुर के उपचुनाव में भारी मतों से जीत होगी। उद्घाटन अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, एमएलसी अवनीश पटेल, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, विजय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री ब्रह्म प्रकाश, शुक्ला बबलू सिंह अमर बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मतदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**कांधला।** राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शुक्रवार को नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाताओ का योगदान₹ था ।इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तहरीन बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर महविश बी ए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर साहिबा बी ए द्वितीय वर्ष रही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने भाजपा को वोट देने के लिए जनता से किया निवेदन

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** मैं मिल्कीपुर के सम्मानित देवतुल जनता जनार्दन के चरणों में प्रणाम करती हूँ और आप सभी के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ।

मैं भारतीय जनता पार्टी की एक सच्ची सिपाही हूं, मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में कूटरचित तरीके से छोटी छोटी बातों को तूल दिया जा रहा है जो बहुत ही निंदनीय है भारतीय जनता पार्टी हमारा एक परिवार है, हमारा ये परिवार देश के उत्थान एवं तरक्की के लिए कार्य करता हैं। जिसमें हम सभी के सहयोग एवं समर्थन की आवश्यकता है। हम सबको अपने लिए नहीं अपितु देश के उत्थान के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

मैं आप सभी से प्रार्थना करती हूँ कि आप सब पूरे मनोयोग से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री चंद्रभान पासवान जी के पक्ष में ईमानदारी पूर्वक काम करके आने वाली 5 फरवरी को कमल के फूल निशान पर अधिक से अधिक मतदान कराकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाने में हमारा सहयोग करें।

## पच्चीस हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान व्यापारी से पचास लाख की रंगदारी और फॉर्च्यूनर कार मांगने के मामले में मुठभेड़ के दौरान फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश को अवैध पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक कार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। कस्बे छोटी नहर पर स्थित सैफी ट्रेडिंग कंपनी के मालिक आबिद सैफी से बदमाश सुरेंद्र काला नाम से पचास लाख रुपए की रंगदारी या फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग की गई थी। रंगदारी न देने पर परिवार सहित व्यापारी को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। व्यापारी के द्वारा तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान यूसुफ पुत्र उमरदीन धोबी, जहूर पुत्र मंजूर निवासी मिद्दगान कांधला व जुबैद पुत्र मेहरदीन निवासी लिसाड़ी गेट मेरठ को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि सिकंदर निवासी लोनी जनपद गाजियाबाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने पकड़े गए तीनों बदमाशों को जेल भेज दिया था।

# हमारा संविधान हमारा अभिमानः कुमारी रंजीता कौशिक

**वेलकम इंडिया**



■ गांव की जागरूक महिलाओं ने सामूहिक संविधान वाचन कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**हरियाणा/हिसार।** सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को जिले के गांव मांडी में हमारा संविधान हमारा अभिमान के तहत संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने गांव की जागरूक महिलाओं के साथ सामूहिक संविधान प्रस्तावना का वाचन किया।

फाउंडेशन अध्यक्ष ने बताया कि देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे हो चुके है । देश का यह ऐतिहासिक दस्तावेज है। जिसका देस दुनिया में पूरा मान सम्मान है। हम सब संविधान के आगे नतमस्तक है व इसे पाकर हम अपने आप को गोरवान्वित महसूस करते हैं।

फाउंडेशन अध्यक्ष ने कहा कि संविधान हमारी विरासत है ।इसे हमेशा सजोकर रखना है व इसका पालन करना है। यह। हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान ₹ अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे इस कार्य क्रम का उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निमार्ताओं के योगदान का सम्मान करना है।

उन्होंने कहा कि 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया जो 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी है ।इस संविधान ने भारतीय इतिहास में एक नए युग की शुरूआत की। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन दुनिया के सबसे लंबे लिखित संविधान को अपनाया गया था, जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि स्थापना के बाद से, संविधान पिछले 75 वर्षों से राष्ट्र की प्रगति को आकार देने वाले मार्गदर्शक ढांचे के रूप में कार्य कर रहा है।

इस मौके पर गांव की अनीता निर्मला अश्विन पूनम शीला गीता भारती आरती आदि मौजूद रही।

# अमीरी में चंद्रभान पीछे सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद आगे भाजपा प्रत्याशी रखते हैं , राइफल और रिवाल्वर

**वेलकम इंडिया**





**मिल्कीपुर।** अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए भाजपा और सपा उम्मीदवार ने अपने-अपने नामांकन दाखिल कर दिए हैं। नामांकन में दाखिल हलफनामें के अनुसार सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद, भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु से सात गुना अधिक अमीर हैं। जहां अजीत की कुल संपत्ति 2 करोड़ से अधिक है तो वहीं भाजपा प्रत्याशी के पास 31 लाख की ही संपत्ति है। भाजपा प्रत्याशी से ज्यादा तो जिला पंचायत सदस्य उनकी पत्नी कंचन अमीर हैं। जिनके पास सौ ग्राम सोना, 250 ग्राम चांदी के साथ ही 82 लाख की संपत्ति है। जबकि कमाई के मामले में अजीत प्रसाद और भाजपा उम्मीदवार की कमाई लगभग बराबर है।

हलफनामें के अनुसार अजीत प्रसाद ने वर्तमान वर्ष की कमाई 7.02 लाख व चंद्रभानु पासवान ने 6.53 लाख दिखाई है। वहीं सपा उम्मीदवार पर दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें कोतवाली नगर में अपहरण का गंभीर मामला भी शामिल है। जबकि चंद्रभानु पर कोई मामला किसी थाने में दर्ज नहीं है। हालांकि शैक्षिक मामले में सपा उम्मीदवार भाजपा प्रत्याशी से पीछे नजर आते हैं।

अजीत प्रसाद ने जहां इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की है वहीं चंद्रभानु बीकाम एलएलबी हैं। भाजपा उम्मीदवार के पास एक रायफल और एक पिस्टल है, उनकी पत्नी के नाम पर भी एक रायफल है। जबकि अजीत प्रसाद के पास कोई असलहा नहीं है। अजीत प्रसाद के पास किसी तरह का कोई वाहन भी नहीं है जबकि चंद्रभानु के पास एक सफारी कार और एक ट्रैक्टर है। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद करीब 02 करोड़, 08 लाख 24 हजार की संपत्ति के स्वामी हैं। इसमें 01 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वअर्जित संपत्ति और 51 लाख, 35 हजार रुपए की विरासत में मिली संपत्ति शामिल है।

नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथपत्र में उन्होंने अपना आवास पूरे हरिदीन का पुरवा इनायतनगर - मिल्कीपुर दिखाया है। वर्ष 2024-25 में अजीत ने 7 लाख, 02 हजार 700 व उनकी पत्नी ने 6 लाख, 87 हजार 260 रुपए की आय दाखिल की है। शपथ पत्र के अनुसार, अजीत प्रसाद पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। कोतवाली नगर में अपहरण और मारपीट का मुकदमा दर्ज है, जबकि रौनाही थाने में भी मारपीट का मामला दर्ज है। अजीत प्रसाद ने अपनी शैक्षिक योग्यता शिक्षा इंटरमीडिएट और व्यवसाय व्यापार और कृषि बताया है। उनकी पत्नी प्रियदर्शनी यादव गृहिणी होने के साथ-साथ व्यापार भी करती हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में उनकी आय 6 लाख 87 हजार रुपए थी। उनके पास 7 लाख 65 हजार रुपए की चल संपत्ति भी है। मिल्कीपुर से भाजपा के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान ने नामांकन के दौरान दिए गए शपथपत्र में कुल 31 लाख, 15 हजार 036 रुपए की संपत्ति दर्शाई है, इसके अलावा उनके पास अंगूठी और चेन के रूप में 30 ग्राम सोना है। साथ ही उनके पास एक रायफल, और 2 लाख 88 हजार कीमत की एक पिस्टल है। वाहन के नाम पर चंद्रभानु के पास एक सफारी कार और एक ट्रैक्टर है। साथ ही उनके पास चालीस लाख कीमत की कृषि योग्य भूमि भी है। इस साल उन्होंने 653150 रुपए की आयकर विवरणी दाखिल की है। चंद्रभानु के ऊपर किसी भी तरह का कोई मुकदमा नहीं है। जबकि उनकी पत्नी कंचन के पास 82 लाख 30 हजार 470 रुपए, 100 ग्राम सोने व 250 ग्राम चांदी के जेवर हैं। पत्नी के नाम एक रायफल भी है। उनकी वर्तमान वर्ष की कमाई 63 लाख 7 हजार 300 दिखाई गई है। इन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता बीकाम एलएलबी बताई है। जबकि आजीविका का साधन कृषि बताया है।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे एक एक पाकिस्तानी महिला बनी बेसिक मे सहायक शिक्षिका

## नौ साल बाद फजीर्वाड़ा उजागर होने पर विभाग ने किया बर्खास्त, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज अब जेल जाने की नौबत

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** बरेली में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसमें एक पाकिस्तानी नागरिक होने के बावजूद शुमायला खान नाम की एक महिला ने फर्जी निवास प्रमाण पत्र के सहारे जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल कर ली। यह मामला शिक्षा विभाग और प्रशासनिक प्रणाली की बड़ी चूक को उजागर करता है। हालांकि सहायक अध्यापिका को अक्टूबर 2024 में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्त कर दिया गया है।

दरअसल शुमायला खान, जिनका स्थायी निवास पाकिस्तान में है, ने तथ्यों को छिपाकर 2012 में रामपुर उपजिलाधिकारी कार्यालय से निवास प्रमाण पत्र प्राप्त किया था। इस फर्जी दस्तावेज का उपयोग कर उन्होंने 2015 में प्राथमिक विद्यालय माधौपुर, विकास क्षेत्र फतेहगंज पश्चिमी में सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी हासिल कर ली। लेकिन जब उनके दस्तावेजों की गहनता से जांच हुई तो, जांच में खुलासा हुआ कि शुमायला खान भारतीय नागरिक नहीं, बल्कि पाकिस्तानी नागरिक हैं। जिसके बाद जनपद में भौकाल मच गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के माथे पर सिलवटें आना शुरू हो गई, आनन फानन में पुनः जांच कराते हुए संबंधित शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया। वहीं शिक्षिका के खिलाफ गंभीर धाराओं में थाना फतेहगंज पश्चिमी में मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है।

### जांच में क्या पता चला

1– फर्जी प्रमाण पत्र का खेल, तहसीलदार सदर रामपुर की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि शुमायला खान ने अपनी असली पहचान छुपाई और गलत तरीके से सामान्य निवास प्रमाण पत्र बनवाया। उसने विभाग में करीब नौ साल तक नौकरी भी की।

2– नियुक्ति प्रक्रिया में फजीर्वाड़ा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई जांच में उनके निवास प्रमाण पत्र को फर्जी पाया गया। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई।

3– पाकिस्तानी नागरिक होने की पुष्टि रामपुर के उप जिलाधिकारी कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि शुमायला खान पाकिस्तानी नागरिक हैं और उन्होंने भारतीय नागरिकता का झूठा दावा किया था।

### राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला केवल एक नौकरी का फजीर्वाड़ा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा करता है। यदि कोई पाकिस्तानी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी नौकरी पा सकता है, तो यह सुरक्षा तंत्र की बड़ी चूक है। यह मामला भारतीय प्रशासनिक प्रणाली में गहराई से छुपी खामियों को उजागर भी करता है। क्योंकि यह महिला नौ वर्षों से बरेली के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। अब देखना होगा कि पुलिस और प्रशासन कितनी सख्ती से कार्रवाई करता है और क्या इस तरह के मामलों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं या नही।

खंड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र फतेहगंज पश्चिमी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर शुमायला खान पुत्री एस ए खान निवासी बीजतोड़ी टोला रामपुर ने कूट रचित प्रमाण पत्र के आधार पर सहायक अध्यापिका के पद पर नौकरी हासिल कर ली थी। जिस पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई थी। जांच उपरांत तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। **-मुकेश मिश्रा, एसपी उत्तरी**

### शिक्षिका को किया गया नौकरी से बर्खास्त

इस मामले के उजागर होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने शुमायला खान की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी ने पुलिस को उनके खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने को लेकर तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इस मामले में महिला के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शिक्षा विभाग से कैसे हुई इतनी बड़ी चूक ?

यह मामला न केवल शिक्षा विभाग की लापरवाही को दशार्ता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे फर्जी दस्तावेजों के जरिए विदेशी नागरिक भारत में सरकारी सेवाओं में प्रवेश कर सकते हैं। लोगों का कहना है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। पाकिस्तानी नागरिक के भारतीय सरकारी तंत्र में प्रवेश से कई सवाल उठते हैं कैसे फर्जी दस्तावेज बनाए गए और सत्यापन प्रक्रिया क्यों विफल रही। और इस फजीर्वाड़े में कौन–कौन लोग शामिल हैं।

### बरेली प्रशासन की कार्रवाई

फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नौकरी और वह भी पाकिस्तानी नागरिक को मिल जाने वाले इस मामले के उजागर होने के बाद अब पुलिस इसकी गहराई से जांच कर रही है। आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (जालसाजी) और 471 (फर्जी दस्तावेज का उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद सभी सरकारी नियुक्तियों की गहन जांच का आदेश भी दिया गया है।

# लेखपाल संघ की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की टाण्डा तहसील शाखा की बैठक में लेखपालों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई।समस्याओं पर आधारित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर उनके समाधान की मांग की गई।

शुक्रवार को लेखपाल संघ की टाण्डा तहसील इकाई की बैठक तहसील सभागार में आयोजित हुई।इस दौरान लेखपालों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री में रामपुर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है तथा टांडा तहसील छोटी होने के बावजूद भी जिले में चौथे स्थान पर है जो कि लेखपालों के प्रयासों का परिणाम है।

वर्तमान में तहसील टांडा में प्रत्येक लेखपाल पर दो या दो से अधिक क्षेत्र का कार्यभार है। कार्यभार की अधिकता के कारण लेखपालों में तनाव का माहौल है तथा ऐसे तनाव भरे माहौल में लेखपालों के विरुद्ध वेतन रोकने जैसी कार्रवाई करने से लेखपालों का मनोबल गिर रहा है जिससे सरकारी कार्य प्रभावित हो सकता है।सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस आदि में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर किया जाता है।जिसके दृष्टिगत लेखपालों को रात्रि में खनन ड्यूटी से मुक्त किया जाए।बैठक में कहा गया कि वर्तमान में सारी खतौनी रियल टाइम खतौनी में परिवर्तित हो चुकी है तथा सभी ग्राम के खसरे भी ऑनलाइन फीड किए जा चुके हैं परंतु अब तक किसी भी लेखपाल को खसरे व खतौनी का प्रिंट उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे क्षेत्र में शासकीय कार्य करने में समस्या उत्पन्न हो रही है।

2019 से अब तक लेखपालों की सेवा पुस्तिका में वार्षिक प्रविष्टि चस्पा नहीं की गई है जबकि लेखपालों के विरुद्ध जारी की जाने वाली प्रतिकूल की प्रविष्टि रातों-रात बनाकर चस्पा करदी जाती है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस आदि में प्राप्त प्रार्थना पत्र लेखपालों को समय से उपलब्ध कराए जाएं जिससे शिकायतों का समय से गुणवत्ता निस्तारण किया जा सके।

पिछले एक महीने से सभी लेखपाल बिना किसी छुट्टी के अवकाश वाले दिन भी शासकीय कार्य कर रहे हैं। जिससे लेखपालों के मानसिक व शारिरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।बैठक में उपस्थित समस्त लेखपालों द्वारा एक स्वर में कहा गया है कि यदि इसी तरह कार्रवाई करके लेखपालों का मनोबल गिराया जाता है तो लेखपाल अतिरिक्त क्षेत्र का कार्यभार तहसील में जमा करने हेतु बाध्य होंगे।बैठक के बाद इस आशय का एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर लेखपालों की उपरोक्त समस्याओं के सम्बंध में सकारात्मक कार्यवाही की मांग की गई है।

बैठक की अध्यक्षता संघ के तहसील अध्यक्ष कुंदन सिंह ने की तथा संचालन मंत्री नवीन काम्बोज ने किया।इस अवसर पर शाहनवाज, सुगंध, अंकित, महिपाल, योगेश, अशोक कुमार आदि लेखपाल उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बेवां से बैट्री चुरा ले गये चोर

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** जनपद के डुमरियागंज थाना अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवां से चोर बैट्री चुराकर रफूचक्कर हो गयें। आपको बता दें कि डुमरियागंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलन्द है। वहीं डुमरियागंज पुलिस सोती रही थी और पावर स्टेशन डुमरियागंज से चोर लाखों का तार और सीएचसी बेवां से बैटरी चुराकर रफूचक्कर हो गयें। पुलिस को पूर्व में दिनांक 26 दिसम्बर को दिये प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई। वहीं चोरी को लेकर 20 दिन हो गया और चोरों डुमरियागंज की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में लगा सीसीटीवी कैमरा क्या सिर्फ दिखावा या इसकी हकीकत कुछ और ही है। क्या शासन के आपरेशन त्रिनेत्र सफल है या महज कागजी कार्रवाई होगी? इस सम्बन्ध में सीएचसी बेवां अधीक्षक विकास चौधरी ने बताया कि चोरी प्रकरण में अभी कोई खुलासा नहीं हुआ है और डुमरियागंज पुलिस सिर्फ आश्वासन दे रही है। वहीं कैमरा बन्द होने का कारण अस्पताल का कायाकल्प का कार्य हो रहा है।

# पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज उर्फ मोनू संदूजा बने भाजपा मंडल बरवाला अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार।** भारतीय जनता पार्टी बरवाला मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी के सीनियर पदाधिकारियों की सहमति से पर्यवेक्षक प्रवीन पोपली की विशेष उपस्थित में वार्ड नंबर 3 बरवाला के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मनोज उर्फ मोनू संदुजा को भारतीय जनता पार्टी मण्डल बरवाला का सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त मंडल बरवाला अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा का पर्यवेक्षक रणधीर सिंह धीरू , प्रवीण पोपली, देवेंद्र शर्मा देव, प्रवीण सैनी, पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा, डॉक्टर सुरेश जाखड़, कृष्ण वर्मा, राजेश सलूजा, टोनी गिरधर, सुनील मेहता, तरुण कक्कड़, पवन अध्यक्ष, प्रवेश गुन्दलि, कृष्ण गुन्दलि, सुभाष ठेकेदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, सुरेंद्र मलिक, एडवोकेट तरुण मेहता, प्रधान अनूप सैनी, पंकज बादल, पूर्व पार्षद पुनीत जावा, सुरेश गोयल, कृष्ण सोनी, कुलदीप सैनी, जगरूप वर्मा व पार्षद राधेश्याम गूंदली आदि ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

नवनियुक्त मंडल बरवाला अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ,प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी आदि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो गरिमामयी पद सौपा गया है वो उस पद की गरिमा को बनाए रखेंगे किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं आने देगे और पार्टी के प्रति दिन-रात मेहनत करते हुए पार्टी को और अधिक मजबूती देने का कार्य किया जायेगा।

# भारत को गोल्ड मैडल दिलाने वाली महिला पहलवान पूनम की कुश्ती देखने उमड़ी भीड़

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिले के ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले में यहां की लोकसंस्कृति पुरातन इतिहास को सजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सरयू गोमती नदी के संगम तट पर स्थित बाबा बागनाथ की नगरी में उत्तरायणी मेला मेलार्थियों के लिएभव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन ने भव्य तैयारी की है।पहली बार दंगल में महिला पहलवानों अपनी पहलवानी का दमखम दिखा रही है।

दंगल में इस बार अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मैडल विजेता पूनम सहित अन्य महिला पहलवान अपनी पहलवानी दिखा रहे हैं। सरयू संगम तट पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता का जिलाधिकारी आशीष भटगाई और पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर दंगल का शुभारंभ किया।इस दौरान जिलाधिकारी और एसपी ने अपने परिवार संग दंगल का लुत्फ उठाया।मेले में मेलार्थियों ने दंगल का तहेदिल से लुत्फ उठाया।वही इस बार पहली बार दंगल में आई महिला पहलवानों ने अपनी कुश्ती से सभी मेलार्थियों को गदगद कर दिया।महिला पहलवानों के पैतरे देख जिले में अब बेटियों में भी इस खेल की ओर आकर्षण बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।विदित हो कि जिलाधिकारी स्वयं बेटियों को खेल और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रशासनिक और निजी स्तर से भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं।दंगल का शुभारंभ करते हुए डीएम आशीष भटगाई ने कहा कि जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है।प्रत्येक खेल में जिले में खेल प्रतिभाओंकी कमी नही है।बशर्ते खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलना चाहिए।जिले में बेटों के अलावा बेटिया प्रत्येक क्षेत्र में उत्क्रष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# सिद्धार्थनगर महोत्सव को लेकर डीएम ने की बैठक

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जनपद मे सिद्धार्थनगर महोत्सव-2025 दिनांक 29 जनवरी से 02 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सिद्धार्थ सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने समस्त समितियों की नोडल अधिकारी/अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग अपने समितियों के सदस्यों के साथ बैठक कर समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर लें, जिससे सिद्धार्थनगर महोत्सव-2025 के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सकें। आप सभी लोग अपने दायित्वों का पालन करें। जिलाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारी/अध्यक्ष/सदस्यों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया, जिससे कोई भी परेशानी होने पर उसका निस्तारण कराया जा सकें। कोई भी समस्या आने पर ग्रुप में शेयर करे जिससे उसका निस्तारण कराया जा सकें। बाहर से आने वाले लोगो के साथ अच्छा व्यवहार करें। किसी भी प्रकार का व्यवधान नही आना चाहिए। सभी का व्यवहार सौहार्दपूर्ण होना चाहिए। सभी महोत्सव के दौरान सतर्क दृष्टि रखें। जनप्रतिनिधिगण, वीआईपी व अन्य अतिथियों के आगमन पर उन्हें सम्मान पूर्वक बैठाए। इसके साथ ही अन्य लोगो का भी ध्यान रखें। किसी के साथ गलत व्यवहार न करें। इस बार सिद्धार्थनगर महोत्सव गतवर्षो से भव्य और बेहतर होगा। 05 दिन अच्छे से अपने परिवार के साथ कार्यक्रमों को देखे। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी लोग टीम भावना से कार्य करते हुए सिद्धार्थनगर महोत्सव- 2025 के कार्यक्रमों को सफल बनाये। यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल संज्ञान में लाकर उसका निस्तारण करायें।बैठक के इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, वरिष्ठ कोषाधिकारी/प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन राजेश कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (प्रा0ख0) कमल किशोर व सिद्धार्थनगर महोत्सव समिति के नोडल अधिकारी/अध्यक्ष व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# गरीब व्यक्तियों के बेटियों की शादी के लिए रू 20000.00 का मिलेगा अनुदान

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा पूर्व में संचालित शादी अनुदान योजना पुनः प्रारम्भ किया गया है। इसके अन्तर्गत अनुसूचित, जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु रू20000.00 का अनुदान दिया जायेगा। शादी अनुदान योजना हेतु निर्गत वेबसाइट/पोर्टल https://shadianudan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र के सहज जनसेवा केन्द्र अथवा स्वंय के माध्यम से भर सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सिद्धार्थनगर में किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है। साथ ही ऑनलाइन आवदेन पत्र भरने में समस्या होने पर आवेदक का फोटो, कन्या का फोटो, मोबइल नम्बर, वर-वधू का आयु प्रमाण पत्र (आधार कार्ड अनिवार्य उम्र प्रमाणन हेतु परिवार रजिस्टर नकल अथवा शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र जिसमें आयु निर्धारित हो), तहसील से निर्गत पिता/अभिभावक का आय ग्रामीण क्षेत्र में 46080 वार्षिक एवं नगरीय क्षेत्र हेतु 56460 प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/जनजाति की दशा में), आवेदक का बैंक पास-बुक की छायाप्रति, के अभिलेखों सहित अधोहस्तक्षरी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है एवं दूरभाष पर जानकारी हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी, सिद्धार्थनगर के मोबाइल नम्बर 9415168321 व पटल सहायक के मोबाइल नम्बर- 9264978085 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

# सड़क सुरक्षा अभियान :

## प्रभारी यातायात व नेहरू युवा केन्द्र द्वारा लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात सुभाष यादव द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत थाना हाथरस गेट क्षेत्रान्तर्गत लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल जनपद हाथरस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात व नेहरू युवा केन्द्र हाथरस द्वारा उपस्थित स्कूल के प्रधानाचार्य, स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राये को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस दौरान प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 17 जनवरी 2025 से 23 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा। तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि आये दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है, इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी न होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन न करना है। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग अवश्य करें, भीड़ वाले क्षेत्र में वाहन को निर्धारित गति में चलायें, नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें, स्टंट बाइकिंग से बचें, वाहनों में काली फिल्म, हूटर, प्रेशर हार्न का प्रयोग न करें, वाहन की क्षमता से अधिक सवारी ना बैठायें, मोडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें।

# रानी लक्ष्मीबाई सम्मान से सम्मानित होंगी कई विभूतियां : नीरू सहगल

वेलकम इंडिया



**बागपत।** डब्ल्यूबीटीआर नई दिशाएं इंडिया एनजीओ के सौजन्य से 30 जनवरी को दिल्ली के स्पीकर हाल कांस्टीट्यूशन क्लब में रानी लक्ष्मी बाई सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया जाएगा। डब्ल्यूबीटीआर नई दिशाएं इंडिया एनजीओ की फाउंडर अध्यक्ष नीरू सहगल आनंद ने बताया कि यह अब तक का सबसे बड़ा और अनोखा कार्यक्रम होगा, जिसमें देश और विश्व भर से ऐसी महान हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज और देश के लिए अच्छा काम किया है। इसके अलावा नीरू सहगल ने कहा कि दिव्यांगो को भीख नहीं बल्कि रोजगार देना चाहिए, इसलिए उन्होंने दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने की जिम्मेदारी उठाई है। कहा कि वह सौ गरीब लाचार दिव्यांग लोगों व बच्चों का रोजगार खुलवाएंगी, ताकि उन्हें दूसरों पर आश्रित ना होना पड़े। अभी पिछले सप्ताह ही उन्होंने अपनी संस्था के मेम्बर्स की मदद से दिव्यांग आरती, जिनके पति की मृत्यु हो गई थी, उनको साकेत में चाय की दुकान खुलवा कर दी है, जिसमें दिव्यांग आरती को सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन, चीनी, चायपत्ती इत्यादि उपलब्ध कराई गई है। अध्यक्ष नीरू सहगल लगातार समाज और देश के लिए खुद भी अच्छा काम कर रही है और बाकी लोगों को भी प्रेरित कर रही है। जो लोग अच्छा काम कर रहे है, उनको लगातार सम्मानित करके इंसानियत और समाज सेवा का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना रही है। नेशनल अवार्डी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन ने नीरू सहगल की प्रशंसा की और लोगों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

# फर्जी अस्पताल की भरमार, नपुंसक बना स्वास्थ्य महकमा

- बड़े-बड़े बोर्डों में बिना रजिस्ट्रेशन है संचालित अस्पताल, अल्ट्रासाउण्ड व पैथोलॉजी सेन्टर

वेलकम इंडिया





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़. में इस समय कुकुरमुत्तों की तरह तमाम अस्पताल प्रतिदिन खुल रहे हैं। यहां तक की नामी गिरामी अस्पतालों के पास रजिस्ट्रेशन तक भी नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी जांच करने से परहेज कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्यों है, यह कोई समझ नहीं पा रहा है। इतना ही नहीं ऑपरेशन बिना सर्जन के झोलाछाप डॉक्टर द्वारा कर दिया जाता है, स्थिति बिगड़ने पर आगे रेफर कर दिया जाता है। शोहरतगढ़ क्षेत्र में तमाम बड़े-बड़े अस्पताल हैं, जहां पर सर्जन नहीं है और ऑपरेशन हो जाता है। शोहरतगढ़ क्षेत्र में मरीजों के साथ खिलवाड़ आये दिन होता रहता है। प्राइवेट अस्पताल के लोग मरीज का जहां शोषण कर रहे हैं तो वहीं जब उनकी गम्भीर अवस्था आती है तो उन्हें बाहर रेफर कर दिया जाता है। यही हाल

प्राईवेट अस्पतालों का भी है। अभी कुछ ही दिन पहले तहसील के मुख्यालय पर एक प्राईवेट अस्पताल में डिलीवरी सिजेरियन केस आया। डिलीवरी सिजेरियन तो हो गया लेकिन मां और नवजात शिशु की तबीयत बहुत खराब हो गई। तबीयत जब ज्यादा खराब हुई तो अस्पताल के लोगों ने उसे जिले के पुनः एक प्राईवेट अस्पताल में नवजात शिशु और एक प्राईवेट अस्पताल में मां को भेज दिया गया। डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद मां को गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां उसकी हालत भयंकर खराब बतायीं गयीं। वहीं दो-तीन बाद हालत खराब होने के कारण मां मौत हो गयीं। इलाज के दौरान मां की मृत्यु होने पर स्वजन शोहरतगढ़.के पुनः प्राईवेट अस्पताल को घेर लिया। प्राईवेट अस्पताल के कुछ डाक्टर एवं शुभचिन्तकों ने सांठ-गांठ कर रातों-रात मामला सेट कर लिया गया। इस समय शोहरतगढ़ कस्बे में तथा इर्द- गिर्द देखा जाये तो तमाम कुकुरमुत्तों की तरह अस्पताल खुल रहे हैं, कभी यदि स्वास्थ्य विभाग के लोग अगर जांच करने की हिम्मत जताते हैं तो कुकुरमुत्तों की तरह खुले अस्पताल संचालकों द्वारा अस्पताल का शटर डाउन कर गायब हो जाते हैं। हालांकि सीएचसी शोहरतगढ़.के पूर्व अधीक्षक पी0के0 वर्मा जी की लगातार छापेमारी की कार्यवाही कर काफी प्राईवेट अस्पतालों की सीज किया था और अस्पताल संचालकों पर भी मुकदमा दर्ज करवाया था। लेकिन फिर धीरे-धीरे कई प्राईवेट अस्पताल खुल गयें। शोहरतगढ़ कस्बे में कई अल्ट्रा साउण्ड सेन्टर लगे हैं, लेकिन कहीं भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर स्वयं ही अल्ट्रासाउण्ड करते हैं। ऐसे में जब उनके पास डिग्री नहीं है तो किस तरीके से या किसके बल पर वह अल्ट्रासाउण्ड करते हैं। कई बार ऐसा देखा गया है कि यहां के अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट में मरीज को कुछ बताया जाता है लेकिन जब वह गोरखपुर व बस्ती आदि जगहों पर जाकर अपना अल्ट्रासाउण्ड कराते हैं तो वहां रोग की स्थिति कुछ दूसरी रहती है। ऐसे में यह कब तक चलेगा। ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से ऐसा कृत्य हो रहा है। हालांकि जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। लेकिन प्राइवेट अस्पतालों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। इस बारें में जब अधीक्षक शोहरतगढ़.डा0 एस0के0 भारती से बात की गयीं तो उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगातार जांच की जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि जब चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जांच की जा रही है तो ऐसे अस्पतालों को क्यों नहीं सील किया जा रहा है। इससे ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग कहीं ना कहीं आंख मिचौली कर रहे हैं।

# नाबालिकों के हाथ वाहन और ओवरलोडिंग- स्वयं बन रहे दुर्घटना का कारण



वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** यातायात माह हो या सड़क सुरक्षा सप्ताह, नाबालिकों के हाथ में वाहन और ओवरलोडिंग कर चलने वाले वाहन चालक, इन सब पर इन बातों का कोई असर नहीं दिखाई पड़ रहा है। यही कारण है कि आयेदिन दुर्घटनाएं सुनने और देखने को मिलती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से जहां हेलमेट लगाना आवश्यक होता है वही बिना हेलमेट के नाबालिकों के हाथ में दो पहिया वाहन और वह भी तीन सवारी के साथ स्वयं दुर्घटना को दावत देते हैं।इन नवयुवकों के हाथ में बाइक आने पर उनकी तेज गिरफ्तारी भी दुर्घटना का कारण बनती है।वहीं दूसरी ओर छोटे-मोटे व्यापारी अपने सामानों को दुपहिया वाहन पर इस तरह लाद कर चलते हैं कि स्वयं अपने लिए तो खतरा पैदा करते ही हैं, आसपास से गुजरने वालों के लिए भी हो खतरा बने रहते हैं।ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन और पुलिस द्वारा नाबालिगों के हाथ में वाहन पर पूरी तरह अंकुश लगाना होगा।साथ ही व्यस्त बाजार में ओवरलोड दोपहिया वाहनों के चलने पर भी लगाम लगानी होगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एकदिवसीय शिविर में साइबर सुरक्षा पर विचार व्यक्त करते प्राचार्य डॉ अशोक शर्मा

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का द्वितीय एकदिवसीय शिविर साइबर सुरक्षा पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें स्वयंसेवी छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज के निदेशक व भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवी छात्रों से निस्वार्थ भाव से ग्रामीणों की सेवा करने की अपील की। उन्होंने छात्रों को मोबाइल प्रयोग करते समय सावधानी रखने की भी अपील की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान युग टेक्नोलॉजी का है। स्वयंसेवी छात्र टेक्नोलॉजी का प्रयोग भली- भाँति सोच समझकर करें। अन्यथा साइबर क्राइम का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल प्रयोग करते समय किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी शेयर नहीं करें। अन्यथा आर्थिक संकट में पड सकते हैं। कॉलेज में वनस्पति विज्ञान के प्रवक्ता सुषैन बाबू ने छात्रों से समाज में बढ रहीं साइबर क्राइम की घटनाओं का उल्लेख किया साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं से सचेत रहने का आह्वान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार के नेतृत्व में ग्राम फीना में घर-घर जाकर ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। वहीं दूसरी और डॉ पीयूष वर्मा के नेतृत्व में ग्राम अजुपुरा में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर डॉ आर पी सिंह, डॉ शिवाली, पिंकी यादव, छाया राजपूत, नीशू देवल, शनि चौहान, रुकमणी देवी, सचिन कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, ओपी त्यागी, प्रशांत चौधरी, सोनू कुमार, राजेंद्र सिंह, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# देवता महाविद्यालय मोरना में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर :** देवता महाविद्यालय मोरना की समस्त छह इकाइयों के स्वयंसेवक/ सेविकाओं ने अपने-अपने चयनित ग्राम में कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में द्वितीय एक दिवसीय शिविर को कन्या भ्रूण हत्या दिवस के रूप में मनाया इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ सुनीता देवी अपने ओजस्वी विचार रखें इस मौके पर स्वयंसेवक लोकेश, भूदेव, अनिल, प्रदीप, हिमांशु, दिवेश स्वयंसेविकाओं पारुल चौहान अलका, पलक, भावना, दिव्या मीनाक्षी आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता देवी, डॉ राशिद खान, डॉ अमित कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ अजीत कुमार, डॉ शोभना गहलोत उपस्थित रहे कार्यक्रम के सफल संचालन में भूपेंद्र कुमार, ओमप्रकाश सिंह और ग्राम प्रधानों का सहयोग सराहनीय रहा।

# हापुड़ नगर पालिका परिषद ब्रांड एम्बेसडर ने क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर किया उद्धाटन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़**/हापुड़ के नगर पालिका परिषद ब्रांड एंबेसडर सोसायटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी ने क्रिकेट टूनामेंट का फीता काटकर किया उद्धाटन। आपको बता दें कि आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट सेशन 2 का तीसरा मैच का आयोजन जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ग्राउंड में किया गया। जिसका उद्धाटन नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मौ दानिश कुरेशी ने किया।हापुड़ में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड पर आबिद मेमोरियल सीजन 2. का तीसरा मैच आबिद ब्लू एवं आबिद रेड के बीच खेला गया।आबिद ब्लू के कप्तान शादाब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। और 20 ओवर मे 7 विकेट में 180 रन बनाऐ।आबिद रेड के कप्तान आशु की टीम ने 19.3 ओवर में 174 रन बनाकर ओल आऊट हो गयी। ओर टीम ब्लू ने 6 रन से मैच जीत हासिल की। इस अवसर पर कैप्टन आशु,कैप्टन शादाब, मोहसिन ने जानकारी देते बताया कि 7 जनवरी से 31 जनवरी तक आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। और अगला मैच 22 और 24 जनवरी को गुरु नानक क्रिकेट अकैडमी ग्राउंड अकरोडी मे होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि सोसायटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरैशी, विशिष्ट अतिथि डा एन के सिह, अफजाल कुरैशी, कैप्टन आशु, कैप्टन शादाब, तैमूर अली टीएफसी,हाजी साजिद, मो मोहसिन, एडवोकेट मौ॰ उमर, शादाब एडवोकेट,काशिफ खान, परवेज अली, आसिफ, नवनीत, सलीम,बुल्टा,मौ॰ इमरान, समीर, सलमान, राशिद,साजिद खान, अफजाल कुरैशी,जैद अंसारी, सैफ अली खान अदनान, एनसीआर स्टार फिरोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# प्रतापगढ़ के डी एम सजीव रजन का तवादला तीन मडलायुक्त सहित दर्जन भर जिलाधिकारी बदले

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़** । लोकप्रिय जिलाधिकारी सजीव रजन का तबादला प्रतापगढ़ से अलीगढ करते हुए जनपद मे योगी सरकार ने शिव सहाय अवस्थी को नया जिलाधिकारी बनाया है । बडे प्रशासनिक बदलाव मे योगी सरकार ने प्रदेश के तीन मडलायुक्तो सहित तेरह जिलाधिकारियो का भी तबादला सुनिश्चित कर दिया है।

प्रदेश की योगी सरकार ने हाल ही में सचिव स्तर पर प्रोन्नत हुए लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और कानपुर नगर के राकेश कुमार सिंह अब मुख्यमंत्री के सचिव तथा बाराबंकी के डीएम सत्येन्द्र कुमार विशेष सचिव बनाए गए हैं। तो वही अब अलीगढ़ के डीएम विशाख जी. अब लखनऊ के जिलाधिकारी होंगे। मेरठ, आगरा व अलीगढ़ में नए मंडलायुक्त होगे। तो जिलाधिकारियो मे मथुरा, बुलंदशहर, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बिजनौर, कानपुर नगर, बागपत, बांदा, गाजियाबाद, मेरठ, फरुर्खाबाद, बाराबंकी और सुल्तानपुर बुलंदशहर, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बागपत, मेरठ और फरुर्खाबाद के जिलाधिकारी को ? बदल दिया गया है। मडलायुक्तो मे सहारनपुर के मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद मेरठ के मडलायुक्त, मथुरा के जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह आगरा के मंडलायुक्त और राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती संगीता सिंह को अलीगढ़ के मंडलायुक्त पद का दायित्व सौंपा गया है।

# उत्तरायणी मेले में तंदूर में रोटी बनाते समय ग्राहकों के लिए रोटी में थूकने का वीडियो वायरल

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले में नगर पालिका के समीप होटल खोलकर मेलार्थियों को होटल में खाना खिलाने के नाम पर तंदूर में रोटी बनाने वाला एक मुस्लिम समुदाय का युवक रोटी बनाने के दौरान लगातार रोटी में थूककर रोटी बनाते हुए देखे जाने का वीडियो शोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ ।जिसके बाद मामले में वीडियो वायरल होने के बाद हिंदूवादी संगठनों को भी इसकी सूचना मिली, जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों में धर्म विशेष आधारित व्यक्ति द्वारा रोटी बनाते समय रोटियों में थूककर ग्राहकों को खिलाने को इसे हिन्दू धर्म के लोगों की धार्मिक आस्था के साथ कुठाराघात और नकारतात्मक दृष्टि से हिन्दू धर्म की आस्था को चोट पहुचाने का कार्य किया गया है ।वही मामले में सूचना मिलते ही विहिप के बजरंग दल के जिला संरक्षक विजय परिहार( जादू )ने मामले में कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे हिन्दू धर्म की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करने, पवित्र माघ माह में प्रत्येक हिन्दू द्वारा मांस और अन्य गसिष्ट भोज्य पदार्थो को वर्जित किया जाता है ।मेले में दूरदराज क्षेत्रो से सरयू संगम तट पर स्नान और पूजा अर्चना के बाद हिन्दू लोग अपने बच्चों का उपनयन संस्कार करते हैं। वही उत्तरायणी मेले में लोग अपने इष्ट मित्रों को भोजन भी कराते है ।वही भोले भाले लोगों को बहला फुसलाकर होटल में खाना खिलाते है ।वही बाबा बागनाथ नगरी में इस तरह समुदाय विशेष पर धार्मिक आस्था के साथ किए गए आघात पर हिंदूवादी संगठनों में उबाल आ गया है। वही मामले में शोशल मीडिया में वायरल हुई वीडियो पर हिंदूवादी संगठनों की नाराजगी देखते हुए कोतवाली पुलिस हरकत में आई और तत्काल सूचना मिलते ही पुलिस ने होटल संचालक सहित अन्य आरोपी को हिरासत में ले लिया ।वही कोतवाली पुलिस ने आमिर और फिरासत नाम के दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है ।कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि रात्रि में दस बजे करीबनगर पालिका के समीप मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति द्वारा होटल चलाया जा रहा था।

# टाटा स्टील में बड़े पैकेज वाली नौकरी छोड़कर आईएएस बने दीपक मीणा बने गाजियाबाद डीएम

**गाजियाबाद।** गुरुवार देर रात योगी सरकार ने सूबे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। कुल 31 आईएएस अधिकारी ट्रांसफर किए गए हैं। गाजियाबाद और मेरठ समेत 14 जिलों को नए डीएम मिले हैं। गाजियाबाद के डीएम बनाए दीपक मीणा अब तक मेरठ के डीएम थे। टाटा स्टील में बड़े पैकेज वाली नौकरी छोड़कर 2011 में आईएएस बने दीपक मीणा तेज तर्रार और स्वच्छ छवि वाले अधिकारी माने जाते हैं। निवर्तमान डीएम गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह को मंडी परिषद में सचिव बनाया गया है।

# आभा फाउंडेशन द्वारा 1200 चश्मों का निःशुल्क वितरण : आभा सिंह

**वेलकम इंडिया**



**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल स्याऊ, चांदपुर सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने वाले आभा फाउंडेशन ने आज 1200 चश्मों का निःशुल्क वितरण किया। यह कार्यक्रम 5 जनवरी 2025 को आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन और नेत्र चिकित्सा शिविर का हिस्सा था। जिसमें 2350 लोगों की आंखों की जांच की गई थी। 2025 लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए जाने थे। जिनमें से पहला चरण आज सफलतापूर्वक पूरा हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने की। चश्मों का वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह केवल एक शुरूआत है।

कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के प्रसिद्ध यूट्यूबर नवीन कुमार ने किया। उन्होंने आभा फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा आभा फाउंडेशन समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के प्रयास प्रेरणादायक हैं। चश्मे पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने आभा फाउंडेशन की गुणवत्ता सेवा और समर्पण की जमकर सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा आभा फाउंडेशन हमारे जीवन में रोशनी लेकर आया है। हम इस पहल के लिए दिल से आभारी हैं।

# रुपये लेने गया युवक लापता

गाजियाबाद। गोविन्दपुरी की सारा मार्ग कॉलोनी में सोनू पत्नी सोनिया के साथ रहते हैं। सोनिया ने बताया कि पति गाजियाबाद में दोस्त से एक लाख रुपये लेने गए थे। उन्होंने फोन पर बताया था कि दोस्त ने एक लाख रुपये दे दिए और वह वापस आ रहे हैं। इसके बाद से उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** दिल्ली रोड परतापुर स्थित संस्था डी एन पॉलिटेक्निक में प्रदेश सरकार की युवाओं को नए सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के माध्यम से रोजगार सृजन हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मेरठ जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त दीपेंद्र कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के लिए 5 लाख के गारंटी मुक्त ऋण योजना के बारे में विस्तार से बताया यूथ करियर डेवलपमेंट फाऊंडेशन मेरठ के सचिव बनी सिंह चौहान संस्था के प्रधानाचार्य मनोज कुमार वार्ष्णेय प्रभारी सुखदेव शर्मा ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र भारती द्वारा किया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा शुक्रवार को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के पहले मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थी शामिल थे। यह कोर्स एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करना है।

# ओ नन्दा सुनन्दा तू देंण है जये



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता,बागेश्वर उत्तरायणी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर जारी है। शुक्रवार के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों सहित विभिन्न सांस्कृतिक समितियों के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति हो रही है तो रात्रि में लोककलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति दर्शको को खूब भा रही है। लोकगायिका माया उपाध्याय के सुमधुर गानों ने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया।ओ नन्दा सुनन्दा तू दें---लौड सोहना छोरी लछिमा ओ माया बैठी रछे मेरो दिल मा--मयरि पहाड़ा मडुवे रवट-- तएरि भली अनुआरा,--दूर बड़ी दूर बफीर्ला डाना---ओ चंदू ड्राइवर माठु माठ गाड़ी चला--स्वर्ग तारा ज्युनालीरातों मा--में दर्शक खूब थिरके ।इसी के साथ तथा अन्य कलाकारों के नाम रही। स्टार नाइट में इन कलाकारों ने मेला देखने आए मेलार्थी का जबरदस्त मनोरंजन किया। कलाकारों ने भी उन्हें निराश नहीं किया। दर्शको की फरमाइश पूरी होने पर दर्शकों ने गानों में झूमकर तालियों के साथ कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। शुक्रवार की रात नौ बजे नुममाईशखेत मैदानमें बने सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।मेलाधिकारी मोनिका ने सभी मेलार्थियों का आभार जताते हुए सभी से मेले को भव्य बनाने में सहयोग की अपील की। वही मेले के संरक्षक और जिलाधिकारी आशीष भटगाई और एसपी चन्द्रशेखर घोड़के भी सपरिवार स्टार नाइट के कार्यक्रमो का लुत्फ उठाने पहुंचे ।इस दौरान लोकगायिका माया उपाध्याय के गानों का सभी अतिथियों ने खूब लुत्फ उठाया ।और तालिया बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया ।सबसे पहले उत्तरायणी मेले को भव्य बनाने मेले को देश विदेश तक शोशल मीडिया यूट्यूब चैनल सीसीएन न्यूज चैनल बागेश्वर के माध्यम से रोजाना हजारों दर्शक घर बैठे कार्यक्रमो का सजीव प्रसारण देख रहे हैं ।कार्यक्रम में अभिनय करते हुए किरन अधिकारी राधिका जोशी, हिमांशी जोशी, ने अपने नृत्य के अभिनय से दर्शको को खूब रोमांचित किया।

# नए मंडल अध्यक्षों की कार्यकुशलता से सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी भाजपा विधायक राजमणि कोल

**वेलकम इंडिया**



**कोरांव प्रयागराज।** विकासखण्ड कोरांव के पड़रिया गांव में नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल रहे। उक्त कार्यक्रम का आयोजन कोरांव मण्डल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि वह अपने कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के सम्मान के लिए हमेशा हर तरह से खड़े रहते हैं साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जो भी कार्यकर्ता पदाधिकारी के रुप में चुना जाता है वह छन्ने में छना हुआ दूध के समान साफ होता है। इसी के साथ कोरांव मण्डल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी ने कहा कि जिस उम्मीद और भरोसे के साथ शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह पद देने का काम किया है उसे वह भली-भांति ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे साथ ही वह अपने कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चेयरमैन नरसिंह केशरी, राजेश्वरी तिवारी, ताराशंकर पाण्डेय, शशी द्विवेदी, संतरा देवी, पूजा मिश्रा, सभासद सचिन केशरी, संजय सिंह पटेल, अयोध्या मण्डल अध्यक्ष करुणेंद्र श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सुरेविन को शिल्पकार अवार्ड से किया गया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** आविष्कार नेशनल रोबोटिक चैंपियनशिप में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सुरेविन को शिल्पकार अवार्ड से किया सम्मानित गया। दिल्ली में यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आविष्कर नेशनल रोबोटिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें केन्या और भारत के विभिन्न प्रांतो तमिलनाडु, सिक्किम, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभागी के रूप में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस रोबोटिक चैंपियनशिप में गाजियाबाद क्षेत्र के सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने विभिन्न वर्गों में इस चैंपियनशिप में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिसके लिए अलग-अलग वर्ग के छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिसमें प्राइमरी स्तर में प्रतिष्ठित स्टार अवॉर्ड जुनैद व याशिका को व प्राइमरी स्तर में ही जुनैद को यंगेस्टबाय बैंज से एवं माध्यमिक स्तर पर आरोही, असमी और अक्षिता को रोबो गर्ल्स अवार्ड बैज से सम्मानित किया गया। इस रोबोटिक चैंपियनशिप में स्कूल प्रधानाचार्या डॉक्टर सरिता सिंधु,एवं मैंटर आयुषी चौधरी, अश्वनी शर्मा और अनीता राणा को भी शिल्पकार अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता व डॉ शिखा दरबारी के द्वारा प्रतिभागी छात्रों व मेंटरों को भी हार्दिक रुप से बधाई दी।

## पूर्व प्रधान की तीन गाड़ियों को किया आग के हवाले

**गाजियाबाद।** कुशलिया गांव के पूर्व प्रधान उमर खान की तीन गाड़ियों को किसी ने देर रात आग के हवाले कर दिया। रात में करीब साढ़े 12 बजे एक ब्रेजा और दो बलेनो कार धूं-धूकर जल उठीं तो गांव में हड़कंप मच गया। गांव वालों ने काफी देर तक आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस बीच किसी ने 112 नंबर पर कॉल करके घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक तीनों गाड़ियां जलकर राख हो चुकी थीं। एक अन्य गाडी को गांव वालों ने आग पकडे से पहले ही मौके से हटा लिया था। आमिर अहमद के समधी गांव के ही रहने वाले शकील बेग ने बताया कि आग किसी के द्वारा लगाई गई है। मौके से एक हथौड़ा और सब्बल भी मिला है। शकील बेग का आरोप है कि फायर ब्रिगेड घटना के करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि एक ब्रेजा और दो बलेनो कार जलकर राख हो गई हैं।

# शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर शिक्षकों ने उन्हें किया नमन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष, लगातार 48 वर्षों तक विधानपरिषद के सदस्य रहे शिक्षकों के मसीहा ओमप्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर डा के एन मोदी साइंस एंड कामर्स कालेज मोदीनगर में उन्हें नमन किया गया। कालेज के प्रधानाचार्य सतीश चन्द्र अग्रवाल, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष शरद कुमार बाजपेयी एवं मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार जैनर सहित सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं ने शर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शिक्षक एवं शिक्षा हित के लिए उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। माननीय ओमप्रकाश शर्मा ने अंतिम श्वांस तक शिक्षकों की उपलब्धियों की संरक्षा के लिए संघर्ष किया। इस अवसर पर टी पी सिंह, आर के सिंह, योगेश शर्मा, प्रयास शर्मा, संजीव कुमार, अनिल यादव, अनिल कुमार, अदिता त्यागी, सुधीर शर्मा, मधुकांत, ज्योति चौधरी, सीमा सिंह, वर्षा, डॉ पूनम वशिष्ठ, दिनेश कुमार, आशाराम, रवीन्द्र कुमार, बलराम, बालकृष्ण, राहुल त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## एकमुश्त समाधान योजना की अवधि वृद्धि कर 22 जनवरी तक की गई- महेश उपाध्याय

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर महेश उपाध्याय ने बताया कि शासन द्वारा चलाई गई एकमुश्त समाधान भुगतान कर ज्यादा लाभ पायें योजना को अब 22 जनवरी 2025 तक कर दिया गया है। योजना का द्वितीय चरण 15 जनवरी को समाप्त होना था। उक्त योजना के द्वितीय चरण में कुल 8346 नं० उपभोक्ताओ द्वारा 09.85 करोड़ का भुगतान कर, योजना का लाभ प्राप्त किया है।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि उक्त योजना के द्वितीय चरण के दौरान घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही साथ लम्बे समय से जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा था। ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर 1235 नं० मीटर उतारे गये साथ ही साथ 8937 नं० उपभोक्ताओं संयोजनों को अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये।इसके अतिरिक्त पूर्व के 01 माह में विद्युत चोरी करते पाये गये 67 नं० उपभोक्ताओं के विरूद्ध धारा 135 (ए०) एवं 94 नं० उपभोक्ता, जो अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये संयोजनों को पुनः चालू कर लिया गया, के विरूद्ध धारा 138 (बी0) के अन्तर्गत सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।अधिशासी अभियंता ने समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचनीय है कि एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 के अन्तर्गत जिन उपभोक्ताओं द्वारा किश्तों में भुगतान करने का विकल्प चुना गया है, को अपनी प्रतिमाह किश्तों के साथ-साथ मासिक बिल का भुगतान भी करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में उक्त योजना के अन्तर्गत प्राप्त सरचार्ज का लाभ पुनः बिल में जुड जायेगा। एकमुश्त समाधान योजना में पंजीकरण कराकर, अधिक छूट का लाभ उठाकर अपने नजदीकी उपकेन्द्र / जनसेवा केन्द्र तथा खण्ड के विभिन्न ग्रामों आयोजित किये जा रहे शिविरों के माध्यम से सम्पूर्ण बिल का भुगतान कराने का कष्ट करें। साथ ही साथ बिल का भुगतान न करने की स्थिति में संयोजन को अस्थायी रूप से विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही से बचे।

# एनएसएस स्वयंसेवकों का छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम में सहभाग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 10 स्वयंसेवकों का समूह ₹छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम₹ के द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया। इस समूह का नेतृत्व मुकुल शर्मा और शुभम ने किया। कार्यक्रम के तहत, सभी स्वयंसेवकों को मोदीनगर पुलिस स्टेशन भेजा गया, जहां उनकी बैठक सहायक निर्देशक कर्णवीर सिंह और आरक्षी विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ हुई। इस बैठक में आगामी 30 दिनों के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और पुलिस विभाग की चुनौतियों तथा उनकी कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पुलिस प्रशासन की गहराई से जानकारी प्रदान करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका को समझना और समुदाय के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से समझने का अवसर प्रदान करेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ अमर सिंह कश्यप और प्राचार्य डॉ दीपक अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर बताया, जहां वे पुलिस प्रशासन के कार्यों को करीब से समझकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित होंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना और मोदीनगर पुलिस के इस सामूहिक प्रयास से छात्र न केवल व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करेंगे, बल्कि भविष्य में सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होंगे।

# सड़क सुरक्षा से संबंधित रैली का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित रैली का आयोजन किया गया। गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में 17 से 23 जनवरी 2025 के मध्य चलने वाले सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा से संबंधित नारा लगाते हुए रैली निकाली प्राचार्या पूनम शर्मा ने छात्राओं को ट्रैफिक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए रैली का शुभारंभ किया।

## आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस ने पकड़ी 250 करोड़ की टैक्स चोरी

**गाजियाबाद।** टैक्नोलॉजी के आगे बड़े- बड़ों की तीरंदाजी धरी रह जाती है। राज्यकर विभाग में भी टैक्नोलॉजी के इस्तेमाल ने ऐसी स्थिति ला दी है। मामूली गड़बड़ी भी आर्टिफिशिल इंटेलीजेंस के जरिए टैक्नोलॉजी पकड़ ले रही है और उसके बाद विभाग उस पर संज्ञान भी ले रहा है। इससे विभाग को गडगड़ी पकडे में बड़ी सहुलियत हो गई है, वहीं हेराफेरी करने वाले व्यापारियों की शामत आ गई है। राज्य कर विभाग ने जीएसटी पोर्टल पर एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ) का फिल्टर लगाया हुआ है। रुपये तो छोड़िए, पैसे का फर्क भी इस फिल्टर के जरिए पकड़ लिया जाता है। एआई ने अब तक करीब 250 करोड़ रुपये के टैक्स चोरी के मामले पकड़े हैं, विभाग संबंधित व्यापारियों को नोटिस भेजने के साथ ही सत्यापन किया जा रहा है। टैक्स में फर्क की पुष्टि होने पर संबंधित व्यापारियों से रिकवरी की जाएगी। नोटिस के बाद व्यापारियों से बिल पेश करने को कहा जाता है और फिर उसका मिलान किया जाता है। फर्क आने पर कार्रवाई की जाती है।

# डीएम के प्रयासों का दिखने लगा असर योग और संगीत के साथ शिक्षा की तरफ लौटते बच्चे

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में आज उपजिलाधिकारी सदर हरिगिरि ने साधुराम इंटरकॉलेज में आधुनिक इंटेंसिव केयर शेल्टर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी. इस दौरान उप जिला अधिकारी सदर ने वहां रह रहे बच्चों से वार्ता की तथा उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने साधुराम इंटर कॉलेज में इंटेंसिव सेंटर के निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा इंटेंसिव सेंटर में रखे गए बच्चों के रहने भोजन एवं शिक्षा की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से भी संवाद करते हुए शिक्षा ज्ञान एवं खेल के लिए प्रेरित किया। भिक्षावर्ती में संलिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर मन ट्रांसफॉर्म हेतु आधुनिक केयर सेंटर में रखा जा रहा है जहां बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ ही खेल, कला तथा विभिन्न गतिविधि के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, अधीक्षण अभियंता आरइएस अनिल गुप्ता, अधिशासी अभियंता अनिल कुमार, सहायक अभियंता श्री रावत, जूनियर अभियंता मुकेश रमोला, जूनियर अभियंता विद्युत आदि उपस्थित रहे।

## साइबर क्रिमिनल्स ने एसेसरीज कारोबारी को 1.11 करोड़ रुपये का लगाया चूना

**गाजियाबाद।** क्रिमिनल्स आए दिन नए- नए हथकंडे अपनाकर साइबर क्राइम को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में एक बात कॉमन है, साइबर अपराधी मोटे मुनाफे के नाम पर ही अपराध को अंजाम देते हैं और एप के जरिए मोटा मुनाफा होते हुए भी दिखा देते हैं, इसलिए यह बात गांठ बांध लें कि मोटे मुनाफे के लालच में नहीं आना, नहीं तो अपनी जमा पूंजी भी गंवा बैठोगे। कम से कम वर्चुअली मिले इस तरह के ऑफर्स तक तो यकीन ना ही करें। अब जो मामला सामने आया है उसमें एक मोबाइल एसेसरीज कारोबारी को साइबर क्रिमिनल्स ने 1.11 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर शातिरों ने यह रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराई थी। मोबाइल एसेसरीज कारोबारी को शेयर ट्रेडिंग के लिए जो एप डाउनलोड कराया गया था, उसमें उन्हें मोटा मुनाफा होता भी दिखाया गया था। शुरू में मुनाफा होने पर कारोबारी ने चैक करने के लिए छोटी सी रकम निकाली तो निकल गई।

## प्रदीप चौहान वाल्मीकि को प्रदेश का पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** प्रदीप चौहान वाल्मीकि को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तर प्रदेश का पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनने पर राज चौपला के निकट स्थित एक रेस्टोरेंट में स्वागत अभिनंदन एवं पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा नेता अमित तिसावड द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रदीप चौहान वाल्मीकि व उनके साथ मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, प्रवीण गहलौत, प्रदीप गहलौत, शक्ति जिनवल, बलवीर सिंह व अमित कराटे का समाज के लोगों ने पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मिकी ने कहा कि मुम्बई अथवा दिल्ली में शीघ्र ही वाल्मीकि समाज का महासम्मेलन होगा जिसमे 75 जिले और 14 प्रान्त से समाज के राजनेता व आम लोग शिरकत करेंगे। उन्होंने धारा 370 हटाये जाने को लेकर कहा कि इससे समाज के वहां रह रहे लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज के प्रथक आरक्षण (वर्गीकरण) की मांग जल्द ही भाजपा सरकार पूरा करेगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक सेप्टिक टैंक अथवा सीवर की सफाई के दौरान हो रही मौतों के मामले में अब कर्मचारियों को पूरे सुरक्षा किट के साथ उतारा जाएगा और साथ ही सक्षम अधिकारी/सुपरवाइजर भी मौके पर मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर गौरव वाल्मीकि सुनील चौटाला बिल्लू सिंह प्रवीण गहलोत अंकित कुमार जितेंद्र वाल्मीकि जानी वाल्मीकि शम्मी नारंग दीपक कर्दम आदि उपस्थित रहे।

# चित्रांशी ने हॉकी में उत्तराखंड के लिए खेले हैं कई टूनार्मेंट

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** चक दे इंडिया फिल्म की कोमल चौटाला के किरदार से पहचान बनाने वाली चित्रांशी रावत, जो अब बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुकी हैं, ने उत्तराखंड में हो रहे राष्ट्रीय खेलों को लेकर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अगर उनके स्कूल और कॉलेज के दिनों में राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में होते, तो वह अपनी धरती पर खेल पातीं और यह अनुभव बेहद खास होता। चित्रांशी, जो खुद एक प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी रही हैं, ने 12वीं कक्षा तक हॉकी खेली और इस दौरान उन्होंने जूनियर और सीनियर नेशनल जैसे कई प्रमुख टूनार्मेंटों में हिस्सा लिया। चित्रांशी का कहना है कि राष्ट्रीय खेलों का उत्तराखंड में आयोजन पहाड़ के खिलाड़ियों के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है, जो उन्हें आगे बढ़ने का प्लेटफार्म देगा। चित्रांशी ने कहा, ह्लमैंने हमेशा दिल्ली, कपूरथला और जबलपुर जैसे शहरों में नेशनल लेवल पर खेला, लेकिन काश उस समय उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल होते तो मैं अपने घर में खेलती ।ह्व उन्होंने राज्य सरकार को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि यह पहल प्रदेश के खेल क्षेत्र में नया आयाम जोड़ेगी।

# चुनाव अपराधों में हो सकती है 6 साल तक की सजा

वेलकम इंडिया



**काशीपुर।** चुनावों में विभिन्न उम्मीदवार तथा उनके समर्थक ( विभिन्न गंभीर अपराध करते हैं। इसमें न केवल जेल की सजा हो सकती हैं बल्कि उन्हें चुनाव लड़ने तथा वोट डालने तक के लिये अयोग्य घोषित किया जा सकता है। ऐसे अपराधों का मुकदमा चुनावों में मतदान, यहां तक परिणाम घोषित होने के बाद भी दर्ज कराया जा सकता है। चुनाव सम्बन्धी कानून, नगर निगम चुनाव कानून तथा नगर पालिका चुनाव कानून सम्बन्धी पुस्तकों सहित 45 कानूनी पुस्तकों के लेखक नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उक्त जानकारी चुनाव सम्बन्धी अपराधों की जानकारी देते हुए दी। 01 जुलाई 2024 में लागू भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 के अन्तर्गत धर्म, जाति, क्षेत्र भाषा आदि के आधार पर नफरत फैलाने पर तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है। यह अपराध पूजा के स्थान या धर्म स्थल में करने पर पांच वर्ष तक की सजा हो सकती है। चुनाव में प्रभाव डालने के लिये यह अपराध करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125 के अन्तर्गत तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है। इस प्रकार चुनाव के समय यह अपराध करने पर छः वर्ष तक की सजा हो सकती है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अन्तर्गत दण्डनीय चुनाव अपराध नगर निकाय चुनाव सहित सभी चुनावों में लागू होते हैं। इन अपराधों में धारा 135 क के अन्तर्गत दण्डनीय बूथ कैप्चरिंग पर तीन साल तक की सजा, मतदान समाप्ति से 48 घंटे के समय में सार्वजनिक सभा आदि करने पर दो वर्ष तक की सजा धारा 126 के अन्तर्गत तथा मतदान केन्द्र में या निकट हथियार लेकर जाने पर धारा 134 (ख) के अन्तर्गत हो सकती है।

# मतदाता दिवस को लेकर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मतदाता दिवस को लेकर जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और मतदाता सूची में बेहतर सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यदि हम मतदाता सूची में बेहतर सुधार करेंगे और मतदाताओं को मतदान के प्र ?ति जागरूक करते रहेंगे तो जनपद के मतदान प्रतिशत में सकारात्मक सुधार आयेंगे। हमें जमीनी स्तर पर कार्य करना है और अपने–अपने ब्लॉक एवं क्षेत्र में कार्यरत बीएलओ सहित अन्य अधिकारियों की मॉनीटरिंग करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश देने हैं, समयनुसार स्वयं भी जांच व निरीक्षण करना चाहिए। हमें मतदाताओं को सिर्फ मतदाता दिवस के दिन ही नहीं अपितू अन्य दिवस पर भी मतदान की महत्ता के प्रति जागरूक करना है। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एल/एल श्री विवेक मिश्र सहित अन्य गणमान्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# यशोदा अस्पताल कोयल एन्क्लेव, भोपुरा का भव्य भूमि पूजन समारोह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** यशोदा अस्पताल कोयल एन्क्लेव भोपुरा दिल्ली/एनसीआर ने अपने नए अस्पताल के निर्माण के लिए भव्य भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय एवं कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा किया गया। यह समारोह हिंदू परंपरा के अनुसार किया गया, जिसमें पृथ्वी देवी की पूजा और आशीर्वाद लेने के लिए विशेष अनुष्ठान किए गए। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ दिनेश अरोड़ा, वाइस चेयरपर्सन डॉ शशि अरोड़ा, प्रबंध निदेशक डॉ रजत अरोड़ा, निदेशक डॉ गौरी अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने इस नए अस्पताल के निर्माण के लिए अपनी आशाओं और उम्मीदों को व्यक्त किया। डॉ रजत अरोरा ने कहा कि यह 500 बिस्तर का यशोदा अस्पताल कोयल एन्क्लेव भोपुरा दिल्ली/एनसीआर एक तृतीयक देखभाल अस्पताल होगा, जिसमें नवीनतम प्रौद्योगिकी और अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इस क्षेत्र में एक तृतीयक देखभाल अस्पताल की बहुत जरूरत थी, और यह अस्पताल न केवल इस क्षेत्र के निवासियों की बल्कि दिल्ली के निवासियों की भी चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करेगा। यह अस्पताल विभिन्न विशेषताओं में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा, जिनमें हृदय रोग, सीटी सर्जरी, न्यूरोसाइंस, कैंसर, लिवर, मल्टी-ऑर्गन ट्रांसप्लांट, हड्डी और जोड़, नेफ्रोलॉजी, रोबोटिक साइंस, स्पाइन सर्जरी, माता और बच्चा और प्रजनन शामिल हैं। यशोदा अस्पताल भोपुरा दिल्ली/एनसीआर का उद्देश्य इस क्षेत्र के लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, और हमें विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। भूमि पूजन समारोह के दौरान विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें वास्तु पुरुष, भूमि देवी और अन्य देवताओं की पूजा की गई। इसके अलावा, पवित्र जल से भूमि का अभिषेक किया गया और संकल्प लिया गया कि इस नए अस्पताल का निर्माण सफलतापूर्वक और शीघ्र होगा। इस समारोह के साथ ही, यशोदा अस्पताल भोपुरा दिल्ली/एनसीआर ने अपने नए अस्पताल के निर्माण की शुरूआत की है, जो कि इस क्षेत्र के लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गुरुवार देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों की बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से चली गोली के दौरान दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। हिरासत में पूछताछ पर एक ने अपने आपको केतन पुत्र यशवीर निवासी खामपुर, बागपत बताया है जबकि दूसरा आफताफ पुत्र गयासुद्दीन दिल्ली के वेलकम इलाके का रहने वाला है। दोनों शातिर किस्म के लुटेरे और राह चलते लोगों से लूटपाट व स्नेचिंग कर फरार हो जाते हैं। अभियुक्तों से पुलिस दो तमंचे, कारतूस, 5300 रुपये और दिल्ली के शकरपुर इलाके से चोरी की गई बाइक बरामद की है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार देर रात कौशांबी थाना पुलिस लुंबिनी अपार्टमेंट के निकट चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध यूपी गेट की ओर से आते दिखने पर पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन बाइक सवार रुकने के बजाय बाइक मोड़कर यूपी गेट की ओर भागने लगे।

# मुख्य विकास अधिकारी महोदय अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। ई-लॉटरी के समय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के अन्तर्गत यन्त्रों की विकास खण्डवार ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया है। सबसे पहले सी०एच०सी० ग्रामीण उद्यमी की ई-लॉटरी द्वारा कृषकों का चयन किया गया। सी०एच०सी० हेतु 22 कृषकों के पंजीकरण के सापेक्ष 22 कृषकों का चयन ई-लॉटरी द्वारा किया गया। इसी क्रम में 20 रोटावेटर हेतु 02 कृषकों



चयन, कल्टीवेटर हेतु 05 कृषकों के सापेक्ष 01 सुपर सीडर हेतु 5 पंजीकृत कृषकों के सापेक्ष 4 का चयन तथा टैक्ट्र माउन्टेड क्राप रीपर हेतु 02 कृषकों के सापेक्ष 01 कृषक का चयन किया गया। सभी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों से लगभग 55 कृषक तथा ई-लॉटरी हेतु समिति के सदस्यों द्वारा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उपस्थित कृषक जिनका चयन हुआ समिति के सामने पारदर्शी तरीके से कृषको के यन्त्रों का चयन किया गया। जिन कृषकों का चयन ई-लॉटरी के समय किया गया, उपस्थित जन समुदाय द्वारा ताली बजाकर बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की गयी। इस कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, श्री गुफरान प्रगतिशील कृषक, श्री सन्नी एफ०पी०ओ० सदस्य, प्रतिनिधि जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय से सहायक जिला सूचना अधिकारी आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है आज का आधुनिक युग मशीनीकरण का युग है। अतः उपस्थित कृषकों को कृषि यन्त्रों के प्रयोग पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# तीसरे दिन चले अभियान में 516 शराबियों को पुलिस ने सिखाया सबक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों की आदत सुधारने की ठान ली है। पुलिस ने ऐसे शराबियों के खिलाफ लगातार तीसरे दिन धरपकड़ अभियान चलाया। पूरे जिले में दो घंटे तक चले इस अभियान में गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार को 516 शराबी पकड़ लिए। सभी को थाने ले जाकर परीक्षण कराने के बाद 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। नगर जोन में सबसे अधिक 249 लोग सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े गए। इस आंकड़े ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देहात जोन में 165 और ट्रांस हिंडन जोन में 111 शराबियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शहर जोन के थानों में नंदग्राम का हाल सबसे बुरा है। पुलिस ने यहां सबसे अधिक 53 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है, किसी एक थानाक्षेत्र में पूरे जिले में यह संख्या सबसे अधिक है। बुधवार को भी विशेष अभियान में पुलिस ने नंदग्राम थानाक्षेत्र में सबसे अधिक 65 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते दबोचे थे। नगर कोतवाली क्षेत्र में 42, विजयनगर में 45, सिहानीगेट में 32, कविनगर में 26 और मधुबन-बापूधाम थानाक्षेत्र में 42 लोगों को पुलिस ने खुलेआम सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते पकड़कर हवालात पहुंचाया। ट्रांस हिंडन जोन में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते लोगों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान में सबसे ज्यादा लोगों के खिलाफ इंदिरापुरम थाना पुलिस ने कार्रवाई की। यहां 23 लोगों को जाम लड़ाते पकड़ा गया। कौशांबी थानाक्षेत्र में आठ, खोड़ा में 12, साहिबाबाद में 15, लिंक रोड में 13, शालीमार गार्डन में 21 और टीला मोड़ थानाक्षेत्र में 19 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। देहात जोन में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के मामले में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने सबसे अधिक 28 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की, बुधवार को यहां पुलिस ने 45 शराबियों को पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचाया था। लोनी थानाक्षेत्र में 16, ट्रोनिका सिटी में आठ, अकुंर विहार में 10, लोनी बार्डर थानाक्षेत्र में 15, मसूरी में 15, मुरादनगर में 20, मोदीनगर में 11, निवाड़ी में 10, भोजपुर में 15 और वेव सिटी थानाक्षेत्र में पुलिस ने 17 लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पकड़ा।

# कार्यकाल को सराहते हुए डीएम इन्द्र विक्रम सिंह को दी विदाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** योगी सरकार ने आईएएस अधिकारियों के तबादले की सूची देर रात ही जारी कर दी थी, शुक्रवार को आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का बतौर डीएम आखिरी कार्य दिवस था, लेकिन आज भी उनका कार्य दिवस अन्य दिनों की भांति जनसुनवाई से शुरू हुआ।

जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों का निस्तारण किया। कुछ शिकायतें निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को फॉरवर्ड की गईं। शासन ने इन्द्र विक्रम सिंह को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में निदेशक के पद पर नियुक्त किया है। यह जानकारी पाकर तमाम लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे थे। दरअसल प्रमोशन पाने के बाद इन्द्र विक्रम सिंह का तबादला होना ही था। उनके स्थान में डीएम मेरठ दीपक मीणा को डीएम गाजियाबाद बनाया गया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा जिलाधिकारी इन्द्र



विक्रम सिंह का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने विचार रखे और डीएम इंद्र विक्रम सिंह के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया। एडीएम सिटी गम्भीर सिंह ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में अनेक चुनाव कराये हैं और बहुत कुछ सीखा है, लेकिन जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अगुवाई में हुए लोकसभा व विधानसभा उप-चुनाव में कार्यों को सहज ढंग से करने के नये तरीके सीखने को मिले। एडीएम (एफआर) सौरभ भट्ट ने कहा कि जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के साथ काम करके प्रशासनिक कार्य करने के तरीके में बेहतर सुधार आए हैं। एडीएम ई रणविजय सिंह ने कहा कि हर अधिकारी में कार्य करने की अपनी एक कला होती है। उसी प्रकार जिलाधिकारी सभी कार्यों को बारीकी से देखते हैं और कार्य करते हैं। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों को कार्य में बहुत सहयोग प्रदान किया गया है।

# चार महीने में करीब 12 हजार फाइलों का निस्तारण होने से आवंटियो को होगा फायदा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जीडीए के प्रशासनिक प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है। इसके तहत चार महीने में करीब 12 हजार फाइलों का निस्तारण करते हुए उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। साथ ही अन्य फाइलों को अपलोड करने की प्रक्रिया चल रही है, ताकि भविष्य में आवंटियों को अपने भूखंड संबंधित सभी जानकारी ऑनलाइन मिल सके।

जीडीए के प्रशासनिक कार्यों को आसान बनाने के लिए प्रोपर्टी मेनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) लागू करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत प्राधिकरण के सभी अनुभागों की फाइल स्कैनिंग कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि इस व्यवस्था के लागू होने से प्राधिकरण का कार्यों में पारदर्शिता आएगी। साथ ही आवंटियों को भी प्रत्येक कार्य के लिए प्राधिकरण आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस व्यवस्था से डिजिटल परिवर्तन के तहत आवंटियों को सेवाएं प्रदान हो सकेंगी। अधिकारी बताते हैं कि इस दिशा में प्राधिकरण ने एक सितंबर से लेकर अभी तक 12,205 फाइलों का निस्तारण करते हुए उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड भी कर दिया है। इसके लिए फाइलों के प्रत्येक दस्तावेज को स्कैनिंग की जा रही है। साथ ही आवंटियों की जो नई फाइल खुल रही है। उन्हें पूरी तरह से ऑनलाइन व्यवस्था के तहत ही खोली जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि व्यवस्था को इस साल लागू करने की योजना है। इस प्रक्रिया के तहत इंजीनियरिंग विभाग की सबसे अधिक 2,199 फाइलों को संभालते हुए ऑनलाइन अपलोड कर दिया है। यह सभी फाइल 60 दिन के भीतर अपलोड की गई है। संपत्ति प्रबंधन विभाग की 1,325 फाइल शामिल है। जबकि प्रशासनिक विभाग की करीब 1,046 फाइल ऑनलाइन अपलोड कर है। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण, योजना और निर्माण जैसे विभागों की फाइल भी अपलोड की गई है।

इस व्यवस्था के लागू होने से मूल आवंटी समेत समस्त क्रेताओं का विवरण, भुगतान का विवरण, रजिस्ट्री, कब्जे का दिनांक, बकाया आदि की जानकारी मिल सकेगी। इसके लिए प्राधिकरण में व्यक्तिगत रूप से नहीं आना पड़ेगा। इसमें ऑटोमेटिक माध्यम से पेमेंट शिड्यूल तय हो सकेगा।

## शिक्षा विभाग की रडार पर आए सैकड़ों कोचिंग सेंटर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हरी गली मोहल्ले में खुल गए कोचिंग सेंटर अब शिक्षा विभाग की रडार पर आ गए हैं। विभाग जल्द ही अभियान चलाकर ऐसे कोचिंग सेंटर्स पर ताला डालने की तैयारी कर रहा है जो नियम कानून का पालन नहीं करते और बिना पंजीकरण के ही इन सेंटर्स का संचालन किया जा रहा है। पिछले दिनों आरडीसी स्थित फिटजी कोचिंग सेंटर की जांच में हुए खुलासे के बाद शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। बता दें कि फिटजी के आरडीसी स्थित कोचिंग सेंटर का संचालन शिक्षा विभाग में पंजीकरण कराए बिना ही किया जा रहा था। करीब आठ सौ छात्रों से लाखों की एडवांस फीस लेने के बाद संचालकों ने सेंटर को बंद कर दिया। गाजियाबाद में करीब पांच सौ कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं लेकिन शिक्षा विभाग में मात्र 40 कोचिंग सेंटर पंजीकृत हैं।

# नेहरू युवा केंद्र, गाजियाबाद ने आरंभ किया राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीना 2025 के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद एवं माय भारत गाजियाबाद ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय नंदग्राम गाजियाबाद में एक संगोष्ठी के रूप में आयोजित किया । यह जागरूकता अभियान 17 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक एक सप्ताह चलाया जाएगा । कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष कुमार ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने रिबन काटकर किया । इस अवसर पर नेहरू केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में बहुत से लोग अपनी जान गवा देते हैं जिससे मानवीय क्षति के साथ साथ मृतकों / घायलों के परिवारों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ भी पड़ता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माय भारत के स्वयंसेवकों की बड़ी संख्या में जन भागीदारीका के माध्यम से युवाओं को सड़क सुरक्षा मानदंडों पर प्रशिक्षित करना तथा यातायात पुलिस के साथ समन्वय करते हुए उन्हें यातायात के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहों पर तैनात करना है ताकि वे पुलिस द्वारा यातायात को व्यवस्थित करने एवं यातायात प्रबंधन का हिस्सा बनने में सक्षम हो सके । इन युवाओं से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह यहां लिए गए प्रशिक्षण तथा सुझावों को अपने दोस्तों परिचितों एवं रिश्तेदारों में शेयर कर दुर्घटनाओं से बच सके ।श्री संतोष कुमार ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने युवाओं को बताया की वह यातायात के नियमों का पालन करें तथा रॉन्ग साइड पर अपने वाहन न चलाएं और जो लोग दुपहिया वाहन चलाते हैं वह हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें। युवा इन कार्यों को करने के लिए आगे आएंगे तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी । युवा हमारे देश तथा अपने परिवार का भविष्य होते हैं। उन्होंने आगे कहा की सभी युवाओं से निवेदन है कि वह तेज गति से वहां न चलाएं तथा स्टंट बाजी से बचें।

